रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपय पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज

1963 से लगातार आपकी सेवा में

# रांची एक्सप्रेस

epaper.ranchiexpress.com वर्ष-61 अंक-241 रांची मंगलवार 23 अप्रैल 2024, संवत् 2081 पृष्ठ -12 मूल्य 4 रु.

# मम्मी-पापा... काश आप दोनों झगड़ा नहीं करते

## 12 साल की बच्ची के सुसाइड के लिए कौन जिम्मेदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न जाने कब से यह बात सुनते आ रहे हैं कि बच्चे का दिल किस बात से दुखी हो जाए पता नहीं। बच्चों के सामने कोई बात कहने से पहले भी सोचने की बात बड़े बुजुर्ग की ओर से कही जाती है। बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। दस - बारह साल की उम्र में कोई बच्चा तनाव नहीं झेल सकता। वह नहीं जानता कि यह क्या चीज है लेकिन इससे वह परेशान बहुत हो जाता है। एक सवाल से इस उम्र के बच्चों के मन में न जाने कितने सवाल पैदा होते हैं। उन सवालों को कई बार बच्चे जाहिर करते हैं और कई बार खुद ही उनका जवाब खोजने की कोशिश करते हैं। इन सवालों के बीच कई बार वह कुछ ऐसा कदम उठा लेते हैं जिसकी जिम्मेदारी सिर्फ उनकी नहीं होती। जो बच्चे हमारे लिए जान से अधिक प्यारे होते हैं, उनके लिए हम क्यों नहीं सोचते कि हमारा एक गलत कदम बहुत कुछ बिगाड़ सकता है। 12 साल की एक मासूम बच्ची के स्यूसाइड का ऐसा मामला सामने आया जिसके बाद कई सवाल हैं।

महज 12 साल की एक मासूम बच्ची के सुसाइड करने का मामला पुलिस के पास आया है। मामला राजधानी दिल्ली के बवाना इलाके का है। दावा किया जा रहा है कि उसने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस ने अंदेशा जताया है कि उसके माता-पिता के बीच तीन साल से रिश्ते ठीक नहीं चल रहे है और डाइवोर्स का केस चल रहा है। इसकी वजह से बच्ची तनाव में थी। मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस तफ्तीश कर रही है। शव का पोस्टमार्ट्म कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मासूम बच्ची अब इस दुनिया में नहीं है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

पति-पत्नी का झगड़ा न तो कोई नई बात है और न ही तलाक की बात। फिर भी माता-पिता को यह सोचना चाहिए कि घर में कोई



दूसरा भी है। वह दूसरा कोई भी हो सकता है। वह आपके जिगर का टुकड़ा भी हो सकता है। आपसी झगड़े के बीच यह सोचना बहुत जरूरी है कि बात सिर्फ आप तक ही नहीं। परिवार का टूट जाना एक बात और किसी की जान चली जाना दूसरी बात। उस 12 साल की बच्ची के मन में आखिर कैसे सवाल पैदा हुए होंगे कि उसने ऐसा कदम उठाया। मां-बाप के रोज के झगड़े को शायद वह नहीं देख पा रही थी। बच्चों को तो मां और पिता दोनों से प्यार होता है और नहीं चाहते कि झगड़ा हो या उनके माता-पिता अलग हो जाएं।

हालांकि एक सच्चाई यह भी है जिससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है। पति-पत्नी के बीच जब झगड़ा हद से अधिक बढ़ जाएगा और सुलझने जैसी बात नहीं होगी तो तलाक की नौबत आएगी ही। लेकिन ऐसे झगड़े और तलाक के बीच कुछ ऐसा नहीं होना चाहिए जिससे कोई मासूम ऐसा कदम उठाए।

# उप्र, बिहार में हीटवेव चलेगी

**● म.प्र.-छत्तीसगढ़ में तापमान 42 डिग्री के पार ● झारखंड में टेम्प्रेचर 46 डिग्री पहुंचा, 23 राज्यों में आज बारिश का भी अनुमान**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने देश के 4 राज्यों के लिए आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों के साथ छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कई जिलों में रविवार को तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचा।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम स्थित बहरागोड़ा में सबसे ज्यादा 46.0 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर रिकॉर्ड किया गया। उधर, ओडिशा के कुछ जिलों में तापमान 43 डिग्री के करीब बना हुआ है। यहां हीटवेव चलने के कारण स्कूलों का समय बदला गया है।

आज से 24 अप्रैल तक ओडिशा के सभी स्कूल सुबह 6.30 से 10.30 तक ही लग रहे हैं। वहीं, 25 अप्रैल से गर्मियों की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के भी सभी स्कूलों में आज से 15 जून तक छुट्टियों का ऐलान किया गया है।

मौसम विभाग ने दिल्ली में आज बूंदाबांदी की संभावना भी जताई है। वहीं, कुछ जगह धूल भरी आंधी चलने के आसार हैं। ऐसे में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

देश में गर्मी के दौर के साथ-साथ 23 राज्यों में बारिश का अनुमान जताया गया है।

### राजस्थान के जयपुर-बीकानेर में आज बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट

राजस्थान में रविवार को मौसम सामान्य रहा। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के सभी शहरों का तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। सोमवार को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा था, इसके कमजोर होने के कारण दो संभाग जयपुर और बीकानेर में आंधी-बारिश हो सकती है। 22 अप्रैल को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे गंगानगर, नागौर, हनुमानगढ, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर में बारिश हो सकती है।

### हिमाचल में बर्फबारी के कारण 98 सड़कें बंद

हिमाचल में आज-कल बर्फबारी का दौर जारी रहेगा। खराब मौसम का यह सिलसिला 27 अप्रैल तक बना हुआ है। इस दौरान प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में जहां पहाड़ों पर बर्फ की सफेद चादर बिछेगी, वही माध्यम से कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है।

## अर्जुन मुंडा आज दाखिल करेंगे नामांकन पत्र, राजनाथ सिंह भी रहेंगे मौजूद

**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के अलावा कई विधायक और और भाजपा नेता मौजूद रहेंगे। बताया गया कि अर्जुन मुंडा पूर्वाह्न 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुबह दस बजे सोनमेर माता मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। भाजपा नेताओं ने बताया कि नामांकन के पश्चात स्थानीय पतरा मैदान में एक जनसभा का आयोजन अपराह्न एक बजे से किया जायेगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि जनसभा में छह विधानसभा क्षेत्रों के 15 हजार से अधिक कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुला

### सूरत के कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध जीते

**सूरत (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुल गया है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से सोमवार को भाजपा कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए। दरअसल यहां से कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे।

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

## 30 हफ्ते की प्रेग्नेंट 14 साल की रेप पीड़िता को दी गर्भ गिराने की इजाजत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता की 30 सप्ताह की गर्भावस्था को तत्काल चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने का आदेश दिया। इसने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसने लड़की की गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन की अनुमति देने से इनकार कर दिया था और फैसला सुनाया था कि लड़की के लिए हर घंटा महत्वपूर्ण था। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल को गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन करने के लिए एक टीम गठित करने का आदेश दिया। पीठ ने अस्पताल को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि नाबालिग को सुरक्षित रूप से चिकित्सा सुविधा तक ले जाया जाए और महाराष्ट्र सरकार प्रक्रिया का खर्च वहन करने



के लिए सहमत हो। बलात्कार पीड़िता की मां ने बॉम्बे हाई कोर्ट के 2023 के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसमें उन्नत चरण के कारण गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। बलात्कार पीड़िता की मां के अनुसार, उनकी बेटी फरवरी 2023 में लापता हो गई थी और तीन महीने बाद राजस्थान में एक व्यक्ति द्वारा यौन उत्पीड़न के बाद गर्भवती पाई गई थी।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**रांची ।** बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी।

हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। इसी अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है। वह बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद है। मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान भी ले लिया है।

## व्यापारी से 50 हजार नगद समेत 15 लाख रुपए के जेवर की हुई छिनतई




**हजारीबाग ।** शहर के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपुगढ़ा से दुकान बंद कर लौट रहे ज्वेलरी व्यापारी से 50,000 नगद समेत 15 लाख रुपए के जेवर की छिनतई का मामला सामने आया है। कोर्रा पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पीड़ित अंकित कुमार सोनी पिता जितेन्द्र सोनी ने बताया कि मैं निवासी विकास नगर, डिपुगढ़ा, थाना कोर्रा का निवासी हूँ। हमारा दुकान दीपुगढ़ा चौक के पास अलंकार ज्वेलर्स नाम से ज्वेलरी दुकान कई वर्षों से संचालित है। आवेदन में कहा कि हम रविवार की रात नौ बजकर 20 मिनट में दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे। उनका बेटा स्कुटी चला रहा था और वह पीछे बैठे थे। जैसे ही मैं सीआरपीएफ कैंप के आगे पोद्दार जी के घर के पास पहुंचे। पिछे से अपाची बाईक से नकाबपोश तीन अज्ञात अपराधी पहुंचे। जिनके हाथ में कट्टा और चाकू आदि था, उन्होंने बलपूर्वक रोका। फिर धमकाते हुए स्कुटी पर लात पैर चलाने लगे। अचानक इस हमले से बाइक से पिता पुत्र दोनों गिर गए। उनके पास थैले में पचास हजार 50,000 रुपए नगद तथा पन्द्रह लाख रुपए का जेवरात और मोबाइल को बलपूर्वक छिनने का प्रयास करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया, तो उन्होंने कट्टा सटा दिया और गाली गलौज बकने लगे। फिर बलपूर्वक थैली छीनकर फरार हो गए। दुकानदार ने बताया कि इससे पूर्व में भी में छिनतई की घटना घट चुका है। फ़िलहाल सीसीटीवी फुटेज जगह जगह पर खंगाला जा रहा है। कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन सामने आने पर किया जाएगा।

## जमशेदपुर के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग करने के आरोप से अखिलेश सिंह बरी

**जमशेदपुर। एडीजे-4 आनंद मणि त्रिपाठी की कोर्ट ने सोमवार को जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग के केस में दुमका जेल बंद में जमशेदपुर के गैंगस्टर अखिलेश सिंह को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।**

केस में अनुसंधान पदाधिकारी समेत कुल 22 लोगों की गवाही हुई थी लेकिन अखिलेश सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 120 बी, आर्म्स की धारा साबित नहीं हो सकी। इस केस में आरोपित बंटी जायसवाल, रितेश राय, मनोरंजन सिंह उर्फ लल्लू सिंह के खिलाफ अलग से



सुनवाई चल रही है। कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर अधिवक्ता प्रकाश झा, अधिवक्ता विद्या सिंह ने पक्ष रखा जबकि आरोपित गैंगस्टर अखिलेश सिंह वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जुड़ा था। उल्लेखनीय है कि 19 मार्च, 2008 को साकची थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्पाद कार्यालय के समीप जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर गैंगस्टर अखिलेश सिंह के गुर्गो ने फायरिंग की थी। गोली उनकी छाती, पैर, कान के पास में लगी थी। बताया जा रहा है कि साकची जेल के तत्कालीन जेलर उमाशंकर पांडेय हत्याकांड में तत्कालीन जज आरपी रवि ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। इस फैसले से नाराज गैंगस्टर अखिलेश सिंह ने जज से बदला लेने के नीयत से फायरिंग करवाई थी। घटना के बाद पुलिस ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह, सुधीर दुबे, बंटी जायसवाल, नितेश, पप्पू सिंह, मनोरंजन सिंह उर्फ लल्लू को आरोपित बनाते हुए केस किया था।

**छत्तीसगढ़-कांकेर में अमित शाह बोले-**

## मठ-मंदिरों और संपत्ति पर कांग्रेस की नजर

**रायपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के मठ मंदिरों पर कांग्रेस की नजर है। यहां का पैसा कहां जाने वाला है? मनमोहन सिंह की बात याद करो, उन्होंने कहा था कि संसाधन, रेवेन्यू पर पहला अधिकार माइनोरिटी का है। हम कहते हैं कि पहला हक गरीबों, दलितों और आदिवासियों का है। शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को मिर्ची लगी है। मोदी जी ने उनके घोषणा पत्र में से सबकी संपत्ति का सर्वे कराने का निर्देश दिया तो प्रधानमंत्री पर सवाल उठा रही है। राहुल गांधी इसे स्पष्ट करें। अमित शाह ने ये बातें कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के प्रचार के दौरान कही।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक की चिंता है। इसलिए इनके नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं पहुंचे। ये सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं।

## ‘आप का बयान सरासर झूठ है’

● जेल में इंसुलिन न मिलने के बवाल पर सीएम केजरीवाल का तिहाड़ सुपरिटेंडेंट को पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में जेल में बंद सीएम केजरीवाल को इंसुलिन नहीं मिलने पर काफी बवाल मचा हुआ है। इसी बवाल के बीच सीएम केजरीवाल ने तिहाड़ जेल सुपरिटेंडेंट को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने जेल प्रशासन के बयान को




गलत बताया है। सीएम केजरीवाल के इस पत्र में तिहाड़ प्रशासन के दोनों बयानों का जिक्र हैं। आप इन मामले में पत्र को अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। जिसमें लिखा -अखबार में आपका बयान पढ़ा। वो बयान गलत है। आपका झूठा बयान पढ़ के बहुत दुख हुआ। तिहाड़ प्रशासन का पहला बयान ‘अरविंद केजरीवाल ने इन्सुलिन का मुद्दा कभी नहीं उठाया’ यह सरासर झूठ है।

**रक्षामंत्री राजनाथ बोले-**

## सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी

**जम्मू/लेह (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का



आदान-प्रदान भी किया।
इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**शिक्षक भर्ती रद्द की**

**कलकत्ता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कथित तौर पर अवैध रूप से प्राप्त सभी नौकरियां रद्द कर दीं। जज देबांशु बसाक और जज मोहम्मद सब्बीर रशीद की कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा, जो लोग लंबे समय से अवैध तरीके से काम कर रहे हैं, उन्हें ब्याज समेत सैलरी लौटानी होगी।



इस फैसले के तहत 25,753 नौकरियां रद्द कर दी गई। उन्हें 2016 के पैनल में नौकरी मिली थी। पैनल का कार्यकाल खत्म होने के बाद जिन लोगों को नौकरी मिली है, उन्हें भुगतान करना होगा। वादी पक्ष के वकील ने कहा, 2016 का पूरा पैनल रद्द कर दिया गया है। कोर्ट ने डीएम को निर्देश दिया है। डीआई चार सप्ताह के अंदर डीएम को सप्ताह के अंदर डीएम को इसकी जानकारी देनी होगी। 2016 की सभी चार भर्ती प्रक्रियाएं - ग्रुप सी, ग्रुप डी, 9वीं-10वीं, 11वीं-12वीं - पैनल को रद्द कर दिया गया है।

## संक्षिप्त

### जगदीश रवानी के काम को आंका नही जा सकता - अशोक सिंह

**धनबाद :** लोकसभा धनबाद चुनाव का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है सरगर्मी बढ़ती जा रही है, एक तरफ जहां दो राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और



कांग्रेस मैदान मैं खड़ी है, वही चंद्रवंशी धरतीपुत्र जगदीश रवानी मार्क्सवादी समन्वय समिति के टिकट पर मैदान में डटे है, यह वही मार्क्सवादी समन्वय समिति पार्टी है जो कभी जेल में बंद रहकर स्वर्गीय ए. के. राय दो बार लोक सभा सदस्य चुने गए। धनबाद के पूरे चंद्रवंशी समाज अपने-अपने को गोरावंती महसूस कर रहा है की धरतीपुत्र दो राष्ट्रीय पार्टी के समाने कहीं काम नहीं आका जा सकता है । एक तरफ पार्टी अपना केडर के साथ खड़ी है वही दूसरे तरफ चंद्रवंशी समाज पूरे जिले के साथ खड़ा है। जीत और हार वह तो तय समय में पता चलेगा परंतु सब कुछ अगर ठीक रहा तो कोई आश्चर्य नहीं होगा जो जगदीश रवानी की जीत का मटका लहरायेगा, इस बात की जानकारी समाजसेवी चद्रवंशी समाज के बैंक मोड धनबाद निवासी श्री अशोक सिंह ने दी ।अ6

### मांडर, चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मांडर :** खेत से किसानों की पानी मशीन की चोरी के एक पुराने मामले के फरार आरोपी जुल्फान अंसारी को गिरफ़्तार कर मांडर पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया है. वह कनभीठा गांव का रहने वाला है. पुलिस के अनुसार जुल्फान अंसारी के एक सहयोगी मुकेश उरांव को पहले ही जेल भेजा जा चुका है. तब उसके घर से चोरी का बिजली का पानी मशीन व अन्य सामान बरामद हुआ था।

### चान्हो- रघुनाथपुर में कलश यात्रा कल, 5 हजार महिलाएं उठाएंगी कलश

**चान्हो :** प्रखंड के रघुनाथपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ मंगलवार 23 अप्रैल से शुरू होगा। आयोजन समिति के अनुसार मंगलवार को कलश यात्रा में आसपास के विभिन्न गांवों से 5 हजार से अधिक महिलाएं शामिल होंगी,इसके साथ ही करीब एक हजार युवाओं की टोली और विभिन्न हिंदू संगठन से जुड़े लोग शामिल होंगे। सुबह 7 बजे सिलागाई और रघुनाथपुर के बीचों बीच स्थित दक्षिण कोयल नदी से कलश यात्रा शुरू होगी और इसके साथ ही पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ होगा।

### प्राणिक हीलिंग द्वारा हुआ कार्यक्रम

**हजारीबाग :** प्राणिक हीलिंग फाउंडेशन ट्रस्ट झारखंड हजारीबाग चैप्टर की ओर से ध्यान और आत्म शुद्धि का



कार्यक्रम का आयोजन चिल्ली वनीला सभागार में किया गया। आपको बताते चले की कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की गई थी। सदस्यो ने बताया की यह कार्यक्रम वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है। वृषभ पूर्णिमा के अवसर पर हम सभी बैशाख पूर्णिमा ध्यान उत्सव मनाते हैं। कार्यक्रम को लेकर लता जैन पांड्या, नेहा जैन, वर्षा जैन, कृति जैन, संध्या जैन, स्नेहा ग्रोवर, नूतन प्रसाद, योगा शिक्षक रेनू, रेखा देवी, स्मिता कुमारी, सिद्धार्थ, आयुष राज,अंजली देवी, रविन्द्र कुमार, शोभा जैन,अभिषेक पांडे, त्रिपुरी समेत कई लोग शामिल हुए।

# बीडीओ और अंचलाधिकारी ने बूथों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की समीक्षा

## लोकतंत्र के महापर्व के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**बेड़ो :** लोकतंत्र के महापर्व की सफलता को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव और अंचलाधिकारी प्रताप मिंज की अगुवाई में प्रखंड के विभिन्न सेक्टरों में बैठक का आयोजन कर जहां एक और विधि व्यवस्था के साथ सफल क्रियान्वयन का प्रयास किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान के जरिए वोट प्रतिशत बढ़ाने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। इस संबंध में सोमवार को प्रखंड के डोरंडा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरंडा और करकारी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय नरकोपी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा की लोकसभा



का चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है जिसका सफल क्रियान्वयन हम सब की जिम्मेदारी है। इसलिए यह जरूरी है कि न केवल वोट के दिन को ही बल्कि उसकी संपूर्ण तैयारी में गुजरने वाले हर एक दिन को हम उत्सव की तरह मनाऐ और इसकी तैयारी में जुटे रहे। समर्पण की महत्वपूर्ण भावना के बिना लक्ष्य तक पहुंच पाना कठिन है। मौके पर उन्होंने अब तक की तैयारी का जायजा लिया। मौके पर अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि हर एक मतदान केंद्र में मुकम्मल सुविधा मुहैया कराना हम सब का दायित्व है। बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अलावे मतदान कर्मी एवं पुलिस बल की सुविधाओं का भी खास ख्याल रखना है। साथ ही साथ मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों , जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदार ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि यह हम सब का फर्ज है कि लोगों को जागरुक करते हुए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जाए। मौके पर इन सेक्टर में पढ़ने वाले तमाम बुथों से संबंधित जानकारी ली गई साथी कई निर्देश भी दिए गए। खासतौर पर ब्लू एवं संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया के लोगों को प्रेरित और जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाए।

इससे पूर्व उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरंडा में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने बच्चों के साथ संयुक्त रूप से मध्यान भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, जनप्रतिनिधियों के अलावे क्षेत्रीय कमी भी उपस्थित थे।

## अन्तराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस, सामूहिक प्रयास से बचेगी पृथ्वीः डॉ मयंक मुरारी

**अनगड़ा :** समाज के सामूहिक प्रयास से ही पृथ्वी को बचाया जा सकेगा। इसके लिए हरेक व्यक्ति परिवार और समूह को अपनी जवाबदेही तय करनी होगी ताकि पृथ्वी को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों से बचाया जा सके। उक्त बातें उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सचिव



डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज महिलौंग मध्य विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम उषा मार्टिन फॉउंडेशन और पर्यावरण विभाग के सौजन्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। महिलौंग मध्य विद्यालय की प्राचार्या हेमलता कुमारी ने कहा कि उषा मार्टिन अपने सीएसआर के तहत विकास एवं पर्यावरण के दिशा में कई पहल किया है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम कर ही पृथ्वी को बचाना संभव होगा।

कार्यक्रम में बच्चों के मध्यम भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया । मंच संचालन शचींद्र कुमार ने किया। इसको सफल बनाने में पर्यावरण विभाग के पवन कुमार, वरूण कुमार एवं भुवनेश्वर महतो ने अहम योगदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## हिज ब्लेसिंग कान्वेंट स्कूल के दसवीं वर्ग के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गयी

**पिस्का नगडी :** प्रखंड के चेकपोस्ट स्थित हिज ब्लेसिंग कान्वेंट स्कूल के दसवीं वर्ग के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। राज्य स्तरीय जल छाजन प्रशिक्षण सभागार में आयोजित विदाई समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार सह अधिवक्ता केशव कुमार भगत ने कहा कि अपने अंदर के आंखें खोलने के लिए, अच्छे बुरे को समझने के लिए, स्वविवेक को मजबूत करने के लिए पढ़ाई बहुत आवश्यक है परन्तु अन्य विधाओं में भी पारंगत हो कर ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। समारोह का शुभारंभ स्कूल के संस्थापक प्राचार्य पुरूषोत्तम केशरी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गय। स्वागत भाषण करते हुए श्री केशरी ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों को स्कूल में रखना, उन्हें पढाना, अनुशासित करना एक बड़ी चुनौती है। समारोह में सत्र 2023-24 के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई।इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इसके साथ



विदाई लेने वाले विद्यार्थियों ने भी स्कूल में बीते हुए अनुभव को साझा किया। विदाई लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा अभिभावकों को डायरी प्रदान कर स्वागत किया गया। मंच संचालन टिकैत कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन सूरज कुमार ने किया। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकायें और अभिभावक गण उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकायें और विद्यार्थियों की सराहनीय भूमिका रही।

## पृथ्वी दिवस के मौके पर सिरका पंचायत में सफाई अभियान चलाया गया

**अनगड़ा :** पृथ्वी दिवस के मौके पर प्रखंड के सिरका ग्राम पंचायत में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में सभी ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा हैन्ड प्रिन्टिंग एक्टीवीटी के द्वारा लोगों को साफ सफाई के प्रति लोगों को साक सफाई के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाया गया कि आज से न तो वे इधर उधर कचरा फेंकेंगे न किसी को फेंकने देंगे और न हीं उसे जलाएंगे। इस अभियान में मुखिया रोशन लाल मुंडा जलसहिया प्रमिला देवी पंचायत समिति प्रतिनिधि साहेब राम महतो सुबीर रंजन सीईई ऋषभ भट्टाचार्य हरि चरण महतो अनु कुमारी एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।


चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता

जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची।

आवश्यक सूचना

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा, झारखण्ड राँची का ज्ञापांक–753/OTD, दिनांक–04/04/2024 के आलोक में राँची जिला अन्तर्गत प्रभावित बल के सभी शहरी/ग्रामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में विधि व्यवस्था संधारण हेतु कुल प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव ड्यिुटी में लगाया जाना है। प्रभावित बल के सभी गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि चुनाव कार्य हेतु (दिनांक–06.05.2024 से 04.06.204 तक) 02 सेट वर्दी, बेडिंग एवं अन्य आवश्यक सामग्री के साथ तैयारी हालत में रहेंगे।

राँची जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षक जो विभिन्न कार्यालयों/संस्थानों/आवासीय कार्यालय/निदेशालय/सचिवालय/मंत्रालय में प्रतिनियुक्त है और अपना मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति (वोटर कार्ड) जमा नहीं किये है, वे दिनांक–15/04/2024 तक निश्चित रूप से कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इस आशय की सूचना पूर्व में भी दूरभाष, विभिन्न वॉटस अप ग्रुप, कार्यालय सूचना एवं दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से बार–बार सूचित किया जा रहा है। इसके बावजूद भी आपके द्वारा आदेश को अनदेखी किया जा रहा है। निर्धारित तिथि तक मतदाता पहचान पत्र पर अपना मोबाईल नम्बर अंकित कर कार्यालय में जमा नहीं करने पर आपके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

वैसे गृह रक्षक जिनका फार्म–12 चुनाव कोषांग से जेनरेट हो गया है और वे अबतक कार्यालय आकर उक्त फार्म पर हस्ताक्षर कर जमा नहीं किये है, को आदेशित किया जाता है कि आप यथाशीघ्र जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हरमू राँची आकर फॉर्म–12 पर हस्ताक्षर कर जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा आप आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी
राँची।

PR 323974 Police(24-25)D


### संत माईकल +2 स्कूल मुरी में अर्थ डे मनाया गया

**सिल्ली :** संत माईकल +2 स्कूल मुरी में सोमवार दिनांक 22 अप्रैल 2024 को बड़ी उत्साह के साथ अर्थ डे मनाया गया। यह दिवस दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजन किया जाता है। इस दिवस के अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे - आम, अमरूद, पपीता, जामुन इत्यादि विद्यालय में लाए एवं स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण किया। विद्यालय के निदेशक, प्रचार्य एवं शिक्षकों ने भी इस अवसर पर आयोजित पौधारोपण अभियान में भाग लिया। पृथ्वी दिवस के जरिए विद्यालय के बच्चों ने ग्रीन अर्थ एवं प्रदुषण मुक्त पृथ्वी का संकल्प लिया।इस मौके पर पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जैसे भाषण, पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग आदि । जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने छात्रों को पेड़, पृथ्वी एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। स्कूल के प्रचार्य सी. एल. प्रजापति ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक दिन मना कर पर्यावरण संरक्षित नहीं कर सकते ? इसके लिए पूरे वर्ष सक्रिय रहने की आवश्यकता है।

## अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला का हुआ आयोजन

**बुढ़मू :** श्री महाबीर मंडल काटमकुली एवं बरौदी के तत्वाधान में सोमवार को अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन अतिथि आजसू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हकीम अंसारी,कांग्रेस के वरीय नेता सुरेश बैठा व आजसू के कांके प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव ने किया। मौके पर हकीम अंसारी ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को त्यागकर हमसभी एक सशक्त समाज बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें सभी धर्मों व त्योहारों को मिलजुलकर मनाने की जरूरत है। कार्यक्रम में कांके,बुढ़मू,मांडर,रातू,लोहरदगा, चतरा, लातेहार,खूंटी के दर्जनों



अखाड़ेधारी शामिल हुए। अखाड़ेधारियों ने देर रात तक अपने प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन कमेटी द्वारा सभी अखाड़ेधारियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में मोतीराम महतो,मोतीलाल महतो,रामप्रसाद महतो,बलराम महतो,प्रेम महतो,विकास मुंडा आदि की सराहनीय भूमिका रही।


दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-12-15-2024, दिनांक: 19.04.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., निविदा सूचना सं., कार्यो का नाम : (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-12-2024,** एडीईएन/मूरी के क्षेत्राधिकार में अन्य सभी सहायक कार्यों के साथ ट्रैफिक ब्लॉक के तहत दिन/रात के दौरान रेलवे के किसी भी प्रकार के वैगन/हॉपर से 26000 घन मी. बैलास्ट को उतारना। **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-13-2024,** रांची मंडल में विभिन्न स्थानों पर मोबाइल फ्लैश बट्ट वैल्टॉडिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 किग्रा/52 किग्रा (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर-260) (नया/एसएच) (एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल के लिए कार्य का निष्पादन। **(3) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -14-2024,** आरएनसी मंडल के लिए बाकुडीह/बड़हरवा/पिनारगड़िया/पाकुड़/राजग्राम/तालझारी क्वैरी साइडिंग पर 50 मिमी आकार के 60000 घन मीटर के मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति तथा उनकी रेलवे वैगनों/हॉपर में लदाई करना (माप गंतव्य पर किया जाएगा)। **(4) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-15-2024,** रांची मंडल में गुंडाबिहार डिपो में 50 मिमी गेज के 24000 घन मी. हार्ड स्टोन मशीन क्रश्ड ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति सहित उन्हें रेलवे वैगन/हॉपर में लादना तथा उतारना। **निविदा मूल्य :** ₹ 22,97,100/- (क्रम. स. 1 के लिए), ₹ 1,22,55,132/- (क्रम. स. 2 के लिए), ₹ 8,75,98,800/- (क्रम. स. 3 के लिए) एवं ₹ 4,45,12,080/- (क्रम. स. 4 के लिए)। **बयाना राशि :** ₹ 46,000/- (क्रम. स. 1 के लिए), ₹ 2,11,300/- (क्रम. स. 2 के लिए), ₹ 5,88,000/- (क्रम. स. 3 के लिए) एवं ₹ 3,72,600/- (क्रम. स. 4 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 08.05.2024 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रम सं. 1 के लिए), 10.05.2024 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रम सं. 2 एवं 3 के लिए) एवं 13.05.2024 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रम सं. 4 के लिए)। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-62)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

**आम सूचना**

एतद द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आसन्न ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल समस्या के निदान एवं नलकूपों के साधारण मरम्मति हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया अंतर्गत प्रखण्डवार निम्न संवेदक एवं मिस्त्री है जिससे शिकायतकर्ता सीधे शिकायत दर्ज करा सकते है। जिनकी विवरणी निम्नवत है :–

| क्रं0 स0 | प्रखंड | संवेदक का नाम | मोबाइल नम्बर | वाहन संख्या | मिस्त्री का नाम मोबाइल नम्बर | कनीय अभियंता का मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | श्री जीतेन्द्र सिंह, चतरा | 9546049421 | 3H12 F5600 | 1. जीतन यादव - 9631414138<br>2. अशोक यादव – 8002286149<br>3. कार्तिक यादव – 7763053867 | श्री विकास कुमार दास 9471329527 |
| 2 | डोमचाँच | श्री रंजीत कुमार, झुमरीतिलैया | 7479542474 | JH02B-4572 | 1. सुनील पासवान - 9939119291<br>2. पप्पु कुमार – 6202662974<br>3. जयराम प्रसाद रजक– 9955354247 | श्री देव आनंद 9891265309 |
| 3 | सतगावाँ | Sheetal Shakshi | 7004725390 | BR17E 3392 | 1. शंकर कुमार - 9934124809<br>2. राहुल कुमार – 7979967245<br>3. पिंटु कुमार – 9955795783 | श्री अमित कुमार–7250105348 |
| 4 | जयनगर | श्री सुनील पासवान, जयनगर | 9939119291 | JH02B-4572 | 1. संतोष कुमार - 9939119291<br>2. पप्पु कुमार – 6202662974<br>3. जयराम प्रसाद रजक– 9955354247 | श्री ओम प्रकाश 7033773207 |
| 5 | मरकच्चो | श्री कमलेश कुमार शुक्ला झुमरीतिलैया | 7870051193 | JH12E-5311 | 1. राजकुमार ठाकुर- 9693260025<br>2. राजेश दास- 9955304999<br>3. छोटी राणा - | श्री– जहेन्द्र भगत 8084416065 |
| 6 | चंदवारा | Jharkhand Traders | 9934337802 | JH09AH-9799 | 1. विकास यादव- 8521655396<br>2. सुमन सिन्हा- 9776294176<br>3. रंजीत कुमार - | श्री प्रमोद कुमार सिन्हा – 6203658893 |

(2) पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया एवं कोडरमा तथा सभी प्रखंड कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित किया गया है। जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।,

(3) शिकायतकर्ता जिला नियंत्रण कक्ष/प्रखण्ड/संवेदक को निम्न सूचना के साथ शिकायत देना चाहेंगे ताकि साधारण मरम्मति कर चालू करने के उपरांत आपके मोबाइल पर सूचना दी जा सके :–

(क) प्रखण्ड का नाम :– ..........
(ख) पंचायत का नाम :– ..........
(ग) ग्राम का नाम :– ..........
(घ) टोला/निकटवर्ती व्यक्ति का नाम :– ..........
(ङ) ग्रामीण जलापूर्ति योजना का नाम :– ..........
(च) शिकायतकर्ता का नाम :– ..........
(छ) मोबाईल नं0 / दूरभाष नं0 (यदि हो) :– ..........

(4) ग्रामीण जनता को सूचित किया जाता है कि नलकूप मरम्मति के दौरान किसी भी नलकूप मिस्त्री द्वारा मरम्मति हेतु राशि की माँग की जाती है तो उक्त संबंधित प्रखण्ड के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता एवं नियंत्रण कक्ष, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के मोबाईल/दूरभाष पर तुरन्त सूचित करें ।

(ई0 अभय टोप्पो)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया

PR 323996 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D



सचेत झारखण्ड! सुरक्षित झारखण्ड!

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार)

गर्म हवाएँ/लू : साधारण सावधानियों से अपने आपको सुरक्षित रखें।

गर्म हवाएँ/लू की स्थिति में शारीरिक तनाव की संभावना होती है और कभी–कभी मौत का कारण भी बन जाता है। लू के प्रभाव को कम करने और इसके वजह से होने वाले गंभीर बीमारी/फीवर या मौत को रोकने के लिए निम्न उपाय उपयोगी है–

क्या करें :–

- जहाँ तक संभव हो सके घर के अन्दर रहने का प्रयास करें।
- रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्रों या मौसम सूचना से संबधित Mobile App आदि के माध्यम से स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के द्वारा लू/ हीट–वेव की स्थिति के बारे में जानकारी लेते रहे और सजग रहें।
- खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढंक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके।
- जितनी बार संभव हो सके पर्याप्त पानी पीते रहें, भले ही प्यास नहीं लगा हों। यात्रा के समय अपने साथ पीने का पानी लेकर आवश्य चलें। ध्यान रहे कि मिर्गी या हृदय, किडनी अथवा लिवर समस्या से ग्रसित व्यक्ति, जो द्रव्य प्रतिबंधित आहार पर हैं, वैसे व्यक्ति चिकित्सक की सलाह लेने के पश्चात् ही पानी/द्रव्य की मात्रा को बढ़ायें।
- हल्का, ढीले–ढाले, छिद्रित और हल्के रंग का सूती कपड़ा पहनें। धूप में बाहर जाने वक्त सुरक्षा के लिए चश्मा, छाता/टोपी, जूते/चप्पल का प्रयोग करें।
- यदि आप बाहर काम करते है तो टोपी या छाता का उपयोग करें, साथ ही अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर नम कपड़े का उपयोग आवश्य करें।
- संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। अधिक पानी वाले फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन आवश्य करें। ओ0आर0एस0, घर का बना पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नीबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें जिससे आपके शरीर में पानी की कमी नहीं होगा।
- जानवरों को छांव में रखें और पीने के लिए पर्याप्त पानी दें।
- अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या चंदवा का उपयोग करें और रात में खिड़कियों को खोल कर रखें।
- पंखे/नम कपड़ें का प्रयोग करें और ठंडे पानी में अक्सर नहा लें।
- कार्यस्थल के समीप पीने के लिए ठंडा पेयजल की व्यवस्था रखें।
- सीधे धूप से अपने आप को बचाएँ। कठीन कार्य करने के लिए दिन के ठंडे समय में कार्ययोजना तैयार करें।
- खुले जगह में कार्य करने के बीच में आराम करने के समय व अंतराल में बढ़ोतरी करें। गर्भवती श्रमिकों और चिकित्सकीय शर्त वाले श्रमिकों को विशेश ध्यान देने की जरूरत है।
- हीट स्ट्रोक, हीट रैश या हीट क्रम्पस/ऐंठन के लक्षणों का पहचान करें जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, पसीना आदि। अगर आप बेहोशी या बीमार महसूस करतें हैं तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।
- आपात् स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें।

क्या नहीं करें :–

- नंगे पाँव या चेहरा व सिर को ढंके बिना बाहर जाने से बचें।
- बच्चों या पालतू जानवरों को पार्क किए हुए वाहनों में अकेला नहीं छोड़ें।
- जहॉ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकले। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे एवं 3 बजे अपराह्न के बीच धूप में बाहर जाने से बचें।
- गहरे रंग वाले कपड़े, भारी या चुस्त कपड़े पहनने से बचें।
- बाहर का तापमान अधिक रहने पर भारी व कठीन कार्य करने से बचें। दोपहर 12 बजे एवं 3 बजे अपराह्न के बीच बाहर काम करने से बचें।
- तेज धूप व गर्मी के दौरान खाना बनाने से बचें। खाना पकाने वाले क्षेत्र को हवादार रखने के लिए दरवाजे और खिड़कियों को खुला रखें।
- शरीर को निर्जलित करने वाले पेय पदार्थ जैसे शराब, चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड शीतल पेय आदि को पीने से बचें।
- अधिक प्रोटीन वाले भोजन जैसे–माँस, मेवे आदि जो शारीरिक तापमान में वृद्धि करते हैं, उनके सेवन से परहेज करें। खराब हो गये भोजन को कतई न खाएं।

नोट– किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए 112, पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिये 9304953423, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 108 एवं कंपोजिट कन्ट्रोल रुम के लिये 06546–264159 एवं 265233 नम्बर पर सम्पर्क करें।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा जनहित में जारी

उपायुक्त –सह– अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, हजारीबाग।

PR 324003 Disaster Management(24-25)D

## संक्षिप्त

### अफसर अली की रिमांड अवधि 27 अप्रैल तक बढ़ी

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में सोमवार को सात दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। ईडी ने अफसर अली से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए छह दिनों की और रिमांड देने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने 27 अप्रैल तक के लिए रिमांड प्रदान की है। ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था। मामले में अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद समेत पांच को चार्जशीटेड आरोपित बनाया गया है।

### फलदार पौधों का हुई वितरण, मस्जिद-मदरसा में हुआ पौधारोपण

**गुमला :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला शाखा एवं ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट गम्हरिया घाघरा के संयुक्त तत्वावधान में संस्था के घाटो बगीचा शाखा में ऑटो चालक भाइयों के बीच उत्तम किस्म के अमरूद के पौधे वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में वन विभाग गुमला से प्रभारी वनपाल राजेश कुजूर,वनरक्षी अकिल अहमद ,रजत किरण डुंगडुंग, प्रवीण तिर्की आदि की उपस्थित रही। इसी कड़ी में मस्जिद मदरसा में संस्थान के द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधारोपण किया गया। मौके पर संचालिका बीके शांति दीदी, ममता बहन ,सुचिता बहन ,अंजिता बहन, शिवानी बहन, ललिता बहन, बीके शिव भाई, मंगल भाई, केदार भाई ,मोहम्मद शाहजहां जी , पंकज कुमार,उत्तम भाई आदि के उपस्थिति में सफलता पूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ। शांति दीदी ने पर्यावरण संतुलन के विषय में बताते हुए कहा कि हमें जल मिट्टी हवा आदि को संतुलित बनाना है तो एक-एक पेड़ हमें लगाना है। प्रभारी वनपाल राजेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय पर्यावरण में जिस प्रकार संतुलन की स्थिति उत्पन्न हुई है इस संतुलन को बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होता है कि हम अपने जीवन में एक-एक पौधा जरूर लगाए और लोगों को प्रेरित भी करें यह भी हमारे जीवन का बहुत पुण्य का कर्तव्य माना जाएगा तो समय की पुकार को ध्यान में रखकर हमें इस प्रकार के पुनीत कार्य में भागीदार बनना ही चाहिए।

### भारत आदिवासी पार्टी के मरियानुस तिग्गा आज दाखिल करेंगे नामांकन का पर्चा

**गुमला :** जिला परिषद सदस्य व जाने माने समाजसेवी मरियानुस तिग्गा मंगलवार को भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन का परचा भरेंगे। उन्होंने अपने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन के दौरान उनके समर्थक आदिवासी, मूलवासी, बुद्धिजीवी, गांव के मानकी मुंडा शामिल रहेंगे। निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन का पर्चा दाखिल करने के बाद वे नगर भवन परिसर में अपने समर्थकों को संबोधित भी करेंगे।

# रांची के मुख्य चौक-चौराहों पर नगर निगम एक माह तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाए : हाई कोर्ट

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने मौखिक तौर पर रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव से जानना चाहा कि लालपुर में सड़क पर लगे सब्जी मार्केट के दुकानदारों को हटाने पर क्या कार्रवाई हुई है?



इस पर रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लालपुर में डिस्टलरी पुल के पास वेंडर मार्केट बना हुआ है। इसमें नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर दिया गया है लेकिन सब्जी विक्रेताओं के लिए वेंडर मार्केट पूरी से तैयार नहीं हुआ है। इसमें करीब दो माह का समय लगेगा। लालपुर में 273 सब्जी विक्रेता हैं, जिनमें से करीब 110 सब्जी विक्रेताओं को ही वेंडर मार्केट बनने पर शिफ्ट किया जा सकेगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है।

इस पर कोर्ट ने रांची नगर निगम से कहा कि ऐसी व्यवस्था रखें ताकि सभी सब्जी विक्रेता वेंडर मार्केट में शिफ्ट हो सकें, जिससे लालपुर में सड़क लोगों के चलने के लिए सुलभ रहे। कोर्ट ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से यह भी पूछा कि लालपुर में जिन स्थानों से मीट विक्रेताओं को हटा कर वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया गया है उस खाली जगह को रांची नगर निगम ने कस्टडी में लिया है या नहीं? नगर निगम के अधिवक्ता से कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या आप संतुष्ट हैं कि वाकई में लालपुर से नॉनवेज बेचने वाले दुकानदार वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर चुके हैं?

कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम को लगातार एक माह तक मेन रोड, लालपुर चौक सहित मुख्य चौक चौराहों पर सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कचहरी चौक के पास वेंडर मार्केट बन चुका है तो फिरायलाल चौक के आसपास फुटपाथ पर दुकान नहीं लगनी चाहिए लेकिन हकीकत यह है कि शाम होने के बाद से ही मेन रोड में सड़कों पर फुटपाथ विक्रेता दुकान लगा लेते हैं, जिससे जाम की समस्या प्रतिदिन होती है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन 23 अप्रैल को अमन अग्रवाल को करेगा सम्मानित

**रांची :** जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को अपराह्न 2:30 बजे महाराजा अग्रसेन भवन मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि अग्रवाल समाज के युवा अग्रणी चाईबासा निवासी अमन अग्रवाल का प्रतिभा सम्मान समारोह मे सम्मानित किया जाएगा।

अमन अग्रवाल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के पद पर 544 में रैंक से पास होकर समाज का मान बढ़ाया है। अमर अग्रवाल के पिता मनोज अग्रवाल एवं माता श्रीमती बबीता अग्रवाल है। एवं अमन के चाचा जी रविंद्र अग्रवाल आईएएस है। जो वर्तमान में केरल राज्य में प्रिंसिपल सेक्रेट्री फाइनेंस के पद पर कार्यरत हैं। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी है।

### बीएम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ शुभारंभ

**बड़कागांव :** बड़कागांव बी एम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। साथ ही स्वच्छ रहने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़कागांव के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने बच्चों के संग दवा खाकर जागरूक किया। मौके पर ड्रॉ अविनाश कुमार ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की महत्व पर बताया कि 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को पेट कीड़े की दवा जरूर खानी चाहिए। अधिकांश बच्चों में पेट से संबंधित अधिक बीमारियों का खतरा होता है। जिस वजह से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, मितली, उल्टी



व दस्त होना तथा वजन में कमी होना जैसे दुष्प्रभाव होते है क्योंकि ज्यादातर बच्चे बाहर खेलते समय कब किस चीज को हाथ लगाते हैं। उनको पता ही नही होता है। उन्हीं गंदे हाथों से घर की सारी चीजों को छूना, बिना हाथ पैर धोकर कुछ भी खा लेना, बिना ढका हुआ पानी पीना इन्हीं सब लापरवाही की वजह से बच्चों के पेट में बीमारियों होती हैं। जो कभी-कभी घातक भी साबित हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को साल में दों बार एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाती है। जिससे बच्चों में होने इन सब समस्याओं से बचाया जा सके। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाए। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश एल्बेंडाजोल की दवा नहीं खा पाई है। उन्हें अगले दिन खिलाई जाएगी। मौके पर विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने एल्बेंडाजोल टेबलेट खाने से होने वाले फायदे के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं स्कूल में लगभग 700 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। बच्चे भी गोली खाने के लिए उत्सुक दिखे। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी नवीन कुमार, बीएम मेमोरियल स्कूल के उप निदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, सहित सीसम देवी, अंबरी खातून, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सुप्रियो ने उलगुलान न्याय महारैली को बताया सफल, जताया आभार

**रांची :** जेएमएम के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान (प्रभात तारा) में आयोजित उलगुलान रैली को सफल बताया। उन्होंने इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में जनसैलाब यह बताता है कि अब देश में परिवर्तन की बयार बह रही है और लोग परिवर्तन चाहते हैं। भाजपा राज से जनता मुक्ति चाहती है। उलगुलान न्याय महारैली में अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड का मूड क्या है। हम लोगों ने महसूस किया कि जननेता हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय को लेकर लोगों के अंदर आक्रोश है। भाजपा को समझ लेना चाहिए कि जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। सुप्रियो ने कहा कि मारपीट की जो घटना घटी वह अप्रत्याशित थी। हमें लगता है कि यह भाजपा



की तरफ से प्रायोजित था। भाजपा ने हताशा और निराशा में ऐसा काम किया है। मारपीट की घटना टार्गेटेड थी, जो भाजपा का कर्मकांड है। महारैली में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन की अनुपस्थिति पर सुप्रियो ने कहा कि गिरिडीह विधायक गांडेय में व्यस्त थे और बसंत सोरेन की तबीयत खराब हो गयी थी। इस कारण दोनों कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

# रांची में आईएनडीआईए की उलगुलान रैली में मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची :** राजधानी के प्रभात तारा मैदान में रविवार को आईएनडीआईए की उलगुलान न्याय महारैली में हुई मारपीट मामले में सोमवार को दोनों पक्षों ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष के चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है।



इस प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रभात तारा मैदान में दिन के 02:30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगाकर 23-25 लोग घुस गए और आईएनडीआईए का विरोध करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। डंडे से उनके सिर पर हमला किया गया, जिसमें उनका सिर फट गया। इसमें प्रभु दयाल समेत 24 लोगों को आरोपित बनाया गया है।

इधर, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि महारैली में गठबंधन के नेता जनता को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच भिड़ंत हो गई। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी और डंडे आदि लेकर टूट पड़े। वहां मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की लेकिन तब तक कुछ लोगों को चोट लग चुकी थी। इससे रैली में अफरा-तफरी मच गई। रैली में शामिल लोग भागने लगे। इस दौरान कई लोग जमीन पर गिर पड़े। इस मारपीट की घटना में चतरा से गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी का सिर फट गया।

### राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**रांची :** रांची के बेड़ो थाना पुलिस ने राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड मामले का खुलासा करते हुए पांच लोगों को पकड़ा है। इनमें पंचम उरांव, शंकर उरांव और महावीर उरांव शामिल है। जबकि मामले में दो नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया बाइक बरामद किया गया है।

ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 अप्रैल को मुबारक अंसारी रात आठ बजे फोन कर थाना में सूचना दिया था कि उसके छोटा भाई सरबर अंसारी जो राज मिस्त्री का काम करता है । वह शाम को अपने लेबर बिरसमुनी उराईन को पैसा देने के लिए चरिया गांव गया था, जो अभी तक घर नही आया है और उसका फोन भी बन्द है। सूचना के बाद पुलिस सरबर अंसारी को खोजबीन करने के लिए चरिया गांव पहुंची और काफी खोजबीन करने के बाद रात एक बजे सरबर अंसारी का शव खिरदा मोड़ के अन्दर बिजली के टावर के पास खेत से बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी बेड़ो अखिल नितिश कुजूर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक का पेशन प्रौ बाइक घटनास्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर खेत में बरामद किया गया । पूछताछ के दौरान सभी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

## संस्कार भारती ने चाईबासा में नई समिति का गठन किया

**रांची :** संस्कार भारती झारखंड प्रान्त की ओर से कल चाईबासा में नई समिति का गठन किया गया। गठन के मौके पर संस्कार भारती झारखंड प्रांत के अध्यक्ष डॉ सुशील अंकन, रांची महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आशुतोष प्रसाद, झारखंड प्रान्त की नाट्य सह संयोजक अनिता सिंह एवं सिंहभूम के विभाग प्रमुख विजय जी तथा चाईबासा के संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

डॉ शशिलता जायसवाल अध्यक्ष, देवेंद्र कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, श्रीमती विनोदनी उपाध्यक्ष, श्रीमती सुष्मिता चटर्जी मंत्री, शशि गुप्ता सह मंत्री, विद्युत सिंह राय कोषाध्यक्ष, विश्वनाथ बरनवाल सह कोषाध्यक्ष, डॉक्टर विनीता वर्मा साहित्य संयोजक, प्रियंका राठौर साहित्य सहसंयोजक, श्रीमती रूबेला घोष संगीत संयोजक, श्री सूर्य कारवां संगीत सहसंयोजक, चंदन दत्ता नृत्य संयोजक, सौम्य भार्गव नृत्य सहसंयोजक, शिवलाल शर्मा नाटक संयोजक, जगन्नाथ मुंडा




सहसंयोजक, अंबर माधुरी चित्रकला संयोजक सुलेखा उगुरसाण्डी चित्रकला सह संयोजक, रिंकू बनर्जी लोक कला संयोजक सुभाष घोष लोक कला सहसंयोजक, मृदुला रानी निषाद भू अलंकरण संयोजक, हेमंती विश्वकर्मा भुअलंकरण सह संयोजक, जितेंद्र ज्योतिषी चलचित्र छायांकन संयोजक, राहुल शर्मा सह संयोजक, तथा कार्यकारिणी सदस्यः राधा मोहन बनर्जी, जूपिका रक्षित, अनामिका बोस, संतोष कुमा सिन्हा, हेमराज निषाद, सुशांत कुमार निषाद, सोनी ओझा एवंसोनि गोपालन को समिति में शामिल किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ एवं समापन शांति पाठ से किया गया।

# संत जेवियर्स कॉलेज रांची एनसीसी ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

आईयूएसी के तहत, 1/3 कंपनी संत जेवियर्स कॉलेज रांची एनसीसी ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने और स्टाफ सदस्यों के बीच कपड़े के थैले वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में फादर भी उपस्थित थे। नबोर लकड़ा, प्राचार्य, सेंट जेवियर्स कॉलेज। कार्यक्रम के माध्यम से कैडेट प्लास्टिक बैग के




प्लास्टिक और पॉलिथीन बैग के उपयोग को रोकने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक और कपड़े के थैले का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कुल 50 कैडेटों ने भाग लिया और कुल 100 कपड़े के बैग वितरित किये गये। छात्रों उपयोग के खिलाफ अपनी आवाज उठाने और कपड़े के बैग के उपयोग को बढ़ावा देने में सक्षम थे। कार्यक्रम को एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं देखरेख में सफल बनाया गया।

### सीआईडी ने ठगी मामले में पांच आरोपितों के खिलाफ दायर किया आरोप पत्र

**रांची :** एसबीआई बैंक से लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज लेकर और लोन पास कराकर अपने बैंक अकाउंट में पैसा जमा कर पैसे की ठगी मामले में सीआईडी की टीम ने सोमवार को पांच आरोपितों के खिलाफ सीआईडी कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है।

यह आरोप पत्र कमल कुमार सिंह, मोहम्मद जमीर मियां, बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार और राहुल कुमार के खिलाफ दायर किया गया। रामगढ़ और पतरातू इलाके में रहने वाले ये आरोपित बैंक अधिकारियों को पांडेय गिरोह के नाम से डरा-धमका कर उनसे लोन पास करवाते थे। सीआईडी ने इन्हें 16 दिसंबर, 2023 को गिरफ्तार किया था। सीआईडी थाने में दर्ज शिकायत के आधार पर सीआईडी ने 09 नवंबर, 2023 को धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। रामगढ़ और पतरातू इलाके में रहने वाले अधिकतर सीसीएल कर्मी आरोपितों के टारगेट में रहते थे। ये आरोपित लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज लेकर एसबीआई से उनके नाम पर लोन लेते थे और बिना उनकी जानकारी के लोन पास कराकर उनके पैसे को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लेते थे।

### झारखंड हाई कोर्ट में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुआ है।


ईडी ने 19 अक्टूबर, 2023 को पूछताछ के दौरान योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जेल भेजा गया था। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था। ईडी ने योगेंद्र तिवारी और उनके करीबियों के लगभग तीन दर्जन ठिकानों पर बीते 23 अगस्त, 2023 को छापेमारी की थी।

### लोहरदगा लोकसभा चुनाव के लिए चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये

**गुमला :** आसन्न लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के लियें सोमवार को गुमला उपायुक्त सह आसन्न लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष में चार विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये । पहला नामांकन पत्र महेंद्र उरांव सीपीआई पार्टी ने नामांकन पत्र दाखिल किये ।दूसरा नामांकन पत्र मनी मुंडा , भागीदार पार्टी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया । तीसरा नामांकन पत्र स्टेफन किण्डो, स्वतंत्र पार्टी (निर्दलीय) और चौथा नामांकन पत्र बिहारी भगत, पीपल'एस पार्टी ऑफ इंडिया ( डेमोक्रेटिक) ने चौथा नामांकन पत्र दाखिल किया । विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों में अपने-अपने विभिन्न स्थानों से एक जुलूस के शक्ल में अपने अपने पार्टी समर्थकों के साथ गाजे बाजे के साथ निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा निर्धारित निश्चित स्थान तक पहुंचे और उपयुक्त गुमला सह निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष में पहुंचकर अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।

# खबर छपने के बाद आनन-फानन चयनित स्थल से हट कर हो रहा है नाली निर्माण कार्य

**खलारी :** केंद्र में बैठी सरकार ना खाएंगे ना खाने देंगे का दंभ भले ही भर रही है लेकिन धरातल पर कुछ और ही देखने को मिलेगा । यह सिर्फ चुनावी भाषणों में झूठे जुमले साबित हो रहे हैं अपनी सरकार के नुमाइंदे के काले कारनामे को रोकने में फेल होती दिख रही केंद्र सरकार है। इस कार्य पर अंकुश नहीं लगा पा रही हैं वजह यह है कि संबंधित अधिकारी भी इस कार्य में संलिप्त हैं।जिसके चलते वित्तिय वर्ष 2023-2024 के समय से हो रहे नाली निर्माण कार्य पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा हैं। मामला रांची जिले के खलारी प्रखंड अंतर्गत चुरी मध्य पंचायत से जुड़ा है, जहां विधायक निधि से बननेवाले नाली निर्माण कार्य में खुलकर गड़बड़ी किया जा रहा है। सूचना पट के अनुसार नाली निर्माण की प्राक्कलित राशि 3.00 लाख रुपये, कार्य प्रारंभ की तिथि 09 फरवरी 2024 एवं कार्य पूर्णता की तिथि 18 मार्च 2024 लिखा हुआ है। वर्तमान में सूचना पट पर अंकित कार्य पूर्णता की तिथि पर पेंटिंग कर दिया गया है। वही दैनिक अखवार रांची एक्सप्रेस में बीते 2 अप्रैल 2024 को रांची एक्सप्रेस में प्रकाशित खबर के बाद चयनित स्थल से हटाकर जहां नाली निर्माण कार्य हो रहा है। उसमें जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निर्माण कार्य में जो सामाग्री का उपयोग योग हो रहा है नाली निर्माण कार्य में जो सामग्री का उपयोग हो रहा है बेहद घटिया तथा मानक के विपरित हो रहा है। योजना में इस्तेमाल की जाने वाली ईट सहित अन्य सामग्री



का घटिया है साथ ही दो घरों के बीच वाले दीवार पर ईट खड़ी करके जुडाई कर सिर्फ खानापूर्ति की जा रहा है विधायक निधि से बनने वाली नाली निर्माण कार्य की खबर जब रांची एक्सप्रेस में प्रकाशित किया गया तो खानापूर्ति करने के ख्याल से नाली निर्माण किया जा रहा है। मालूम हो कि उक्त योजना वित्तिय वर्ष 2023-2024 में कांके विधानसभा विधायक समरी लाल के द्वारा रामसूरत यादव के घर से लेकर मनोहर साव के घर तक नाली स्वीकृति राशि 3 लाख रुपए है लेकिन हो रहे नाली निर्माण स्थल पर ना तो कोई घर है ना ही नाली की जरूरत थीं अब आप अंदाजा लगा सकते हैं की किस तरह से निर्माण कार्य की आड़ में मंद की खानापूर्ति कर योजना के राशि को लुटने का कार्य किया जा रहा है ठेकेदारो के द्वारा केवल कुछ हजार रुपए में ही हो रहा है नाली का निर्माण वही बारिश के अलावा घरों का गंदा पानी निकासी को लेकर 3 लाख रुपए लागत से बनाए जा रहे नाली के निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई सवाल खड़े किए जा रहे है बताया जा रहा है कि 3 लाख रुपए से जहां निर्माण कार्य हेतु स्थल चयन किया गया था खबर छपने के बाद आनन-फानन स्थल से कार्य हट कर दुसरे स्थान पर नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है ग्रामीणों की माने तो लाखों रुपए के कार्य हजारों रुपए में जल्दबाजी कर खाना पूर्ति की जा रही है किसनली निर्माण कार्य में स्थानीय ग्रामीणों ने सवाल खड़े करते हुए बताया कि भाजपा कार्यकर्ता व ठेकेदार अपने मुताबिक कार्य कर लाखों रूपए हड़पने का खेला खेल रहे हैं।मामला खलारी प्रखंड अंतर्गत चूरी मध्य पंचायत से जुड़ा है, जहा विधायक निधि से बननेवाले जाली निर्माण कार्य में खुलकर गड़बड़ी किया जा रह है। सूचना पट के अनुसार जाली निर्माण की प्राकलित राशि 3.00 लाख रुपए,कार्य प्रारंभ की तिथि 09 फरवरी 2024 एवं कार्य पूर्णता की तिथि 18 मार्च 2024 लिखा हुआ है। वर्तमान में सूचना पट पर अंकित कार्य पूर्णता की तिथि पर पेटिंग कर छिपाने गई है। वही दैनिक अखबार रांची एक्सप्रेस में बीते 2 अप्रैल 2024 को प्रकाशित खबर के बाद चयनित स्थल से हटाकर इस नाली निर्माण कार्य हो रहा है। उसमें जमकर भ्रष्टाचार किया जा रह है।

# 50 दिनों में 250 पंचायत के 500 गांवों में भाजपा प्रत्याशी ने किया तुफानी दौरा

## अपार स्नेह, सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद से अभिभूत हूं:मनीष

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल 50 दिनों से अनवरत बिना रुके, बिना थके, आंधी- तूफान, बारिश और 42- 44 डिग्री तापमान गर्मी में भी चुनावी अभियान जारी रखा है। उनके समर्थन में लोग साथ घूम रहे है। शुरूआती दौर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा हजारीबाग सदर, बड़कागांव, मांडू, बरही और रामगढ़ के कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा, चतरा जिला अंतर्गत पिपरवार, रामगढ़ जिले के अंतिम और सुदूरवर्ती पश्चिमी बंगाल राज्य के पुरुलिया जिले के सिमाना क्षेत्र से सटे बरलंगा से लेकर हजारीबाग जिले के अंतिम छोर बिहार राज्य के गया जिले के सिमाना क्षेत्र से सटे चोरदाहा चेकपोस्ट तक जनसंपर्क अभियान चलाया।

### 34 मंडलों के भाजपा कार्यकताओं से किया परिचायक बैठक

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी 34 भाजपा मंडलों के भाजपा कार्यकताओं संग परिचयात्मक बैठक के समन्वय स्थापित कर उनसे चुनाव अभियान में अपने तरीके से मैदान में उतरते और प्रचार प्रसार में सहयोग करने का अपील किया। जिसके बाद एनडीए गठबंधन में शामिल क्षेत्र के आजसू सहित अन्य दलों के कार्यकताओं से संपर्क साधकर उनतक अपनी पहुंच बनाई। तत्पश्चात सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के गांवों तक पहुंचने का निर्णय लिया और पिछ्ले करीब 21 दिनों से लगातार एक दिन- एक भाजपा मंडल क्षेत्र के दौरे को पूर्ण किया।





### सुबह से शाम तक पसीना बहा रहे है मनीष

सुबह से देर शाम तक प्रतिदिन एक भाजपा मंडल क्षेत्र के तूफानी दौरे के क्रम में प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायत के डेढ़ दर्जन गांवों में अपना चुनावी जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम चलाया। वे प्रतिदिन करीब अपनी गाड़ी से 250 किमी से अधिक चलते हुए पिछले 21 दिनों में करीब 5 हजार किमी और अबतक करीब 10 हजार किमी से अधिक चले। मनीष जायसवाल क्षेत्र दौरे के क्रम में हर मौसम और झंझावतों को झेलते हुए करीब 10-12 किमी पैदल यात्रा कर रहें हैं यानी अबतक करीब 2200 किमी पैदल यात्रा कर चुके हैं। पिछले 50 दिनों से करीब 250 से अधिक पंचायतों के करीब 500 से अधिक गांवों के मतदाता तक पहुंचकर भाजपा और अपने पक्ष में वोट मांगने से क्षेत्र में जनता के बीच मनीष जायसवाल को लेकर एक अलग माहौल स्थापित हुआ है।

### अपार स्नेह, सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद से अभिभूत हूं

एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सम्मानित जनता जनार्दन द्वारा मिल रहा अपार स्नेह, सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद से अभिभूत हूँ। लोगों से मिल रहा अपार जनसमर्थन आगामी चुनावों में भाजपा की प्रचंड विजय का शंखनाद है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में महावीर जयंती मनी, भैया बहनों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन



### भगवान महावीर ने दिया विश्व शांति का संदेश:वरुण

**रामगढ़।** शहर के बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी जी की जयंती हर्षोल्लाह के साथ मनाई गई। मौके पर विद्यालय के जयंती संयोजक आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए महावीर स्वामी जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व की जानकारी दी। उन्होंने उनके जीवन गाथा को प्रस्तुत करते हुए उनके जीवन से सीख लेने की प्रेरणा दी। इस दौरान कार्यक्रम में कई विद्यार्थियों ने भी अपने अपने रखे। साथ ही इस अवसर पर विद्यालय के बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग के भैया-बहनों के बीच संभाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भैया-बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वही, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने कहा कि भगवान महावीर ने अपने पांच सिद्धांतों सत्य, अहिंसा, अचौर्य, अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य के द्वारा भारतीय समाज को एक नई दिशा एवं दशा प्रदान की। महापुरुषों की जयंती के अवसर पर प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों में सकारात्मक सोच एवं समाज के उत्थान के लिए समर्पण की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य एवं आचार्या बहनों का पूर्ण योगदान रहा।

## वार्ड नंबर 3 और 4 की समस्याओं को लेकर सीईओ को सौंपा ज्ञापन, मिला आश्वासन



### समस्याओं से क्षेत्र की जनता त्रस्त, निराकरण करें छावनी परिषद :अरुण

**रामगढ़।** छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 और 4 की समस्याओं को लेकर सोमवार को आजसू पार्टी के नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल के नेतृत्व में छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि वार्ड नंबर 3 और 4 में दिन प्रतिदिन समस्याएं बढ़ती जा रही है। जैसे, पानी की समस्या, नाली की नियमित रूप से साफ सफाई नहीं होना, गंदगी पहनना फैलना, मच्छरों का प्रकोप बढ़ना, मोहल्ले में कूड़ेदान की व्यवस्था करना, लोगों को पानी नहीं मिलना, गर्मी को देखते हुए खराब चापाकल को मरम्मत करवाना आदि समस्याएं शामिल है। समस्याओं से अवगत होने के बाद सीईओ ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छावनी परिषद क्षेत्र के एक से वार्ड नंबर आठ तक के विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वही, नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि इन समस्याओं पर छावनी परिषद अगर ध्यान नहीं देती है तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि समस्याओं से जनता त्रस्त है, इसका निराकरण जल्द से जल्द किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता खुशहाल रह सके।

### ज्ञापन सौंपने वालों ये थे शामिल

कुलदीप वर्मा, अमित कुमार, रंजीत कुमार, अजय पांडे, नीतीश दांगी, सतीश कुशवाहा, विक्की ठाकुर, शंकर पासवान, जयप्रकाश मानकी, रवि कुशवाहा आदि शामिल थे।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर परवरिश एजुकेयर स्कूल में कराई गई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**कुजू।** परवरिश एजुकेयर स्कूल कुजू में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्रों के बीच अनेक प्रतियोगिताएं कराई गई। जहां प्रतियोगिता के माध्यम से पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया गया। कक्षा पीजी से तीसरी कक्षा के छात्रों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें छात्रों ने अलग-अलग पोशाक पहनकर पृथ्वी और जल के संरक्षण संबंधी बातों को सरल शब्दों में समझाया। वहीं चौथी और पांचवी कक्षा के छात्रों के बीच अंतरसदनीय स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता कराई गई। जबकी छठी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों के बीच अंतरसदनीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें चारों सदनों के छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से प्रदूषित पृथ्वी और उजड़ते वन को दशार्या। साथ ही संरक्षित पृथ्वी की कल्पना करते हुए उसकी छवि प्रस्तुत की। प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा एक के तल्हा सर्वर और अरनब सिंह ने प्रथम, अरहान राजा और सुकृति ओझा ने द्वितीय तथा वेदांत मुंडा और आराध्या सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर पांचवी से आठवीं कक्षा के छात्रों ने नाटक की प्रस्तुति कर अपने-अपने स्तर से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय निर्देशक शैलेंद्र कुमार ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके सुंदर प्रयास के लिए बधाई दी और पृथ्वी एवं जल के संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण बातें बताई। वहीं विद्यालय प्रबंध निर्देशक विकास कुमार सिंह ने सभी छात्रों को प्रदूषित पृथ्वी और सीमित जल के होने से भविष्य में आने वाले परेशानियों से अवगत कराया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका सहित सभी विद्यार्थी मौजूद थे।




## मैट्रिक परीक्षा में उच्च विद्यालय नावाडीह का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन, 93 प्रतिशत अंक लाकर निराला बनी टॉपर




**गोला।** जैक रांची द्वारा आयोजित 2024 मैट्रिक परीक्षा में गोला प्रखंड अंतर्गत नावाडीह स्थित उच्च विद्यालय का शानदार प्रदर्शन रहा। निराला कुमारी 93 प्रतिशत ( 465 ) अंक के साथ विद्यालय की प्रथम टॉपर रही। जबकि अर्चना कुमारी ने 90.20 प्रतिशत ( 451 ) अंक लाकर द्वितीय और अंकिता कुमारी ने 87.60 प्रतिशत ( 438 ) अंक लाकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय के 35 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 16 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार विद्यालय के परीक्षाफल का कुल उत्तीर्णता प्रतिशत 96.22 रहा। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नारायण राम मुंडा, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अहिल्या देवी, मुखिया राजकिशोर कोटवार, पंचायत समिति सदस्य सुधीर कोटवार सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## शक्तिपुंज एक्सप्रेस के एक एसी कोच की तकनीकी खराब होने से एसी फेल

### भीषण गर्मी में यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी

**बरकाकाना।** शक्तिपुंज एक्सप्रेस के एक एसी कोच की एसी में तकनीकी खराब होने से यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। कोच में सफर कर रहे एक यात्री ने हो रही परेशानी को लेकर रेलमदद पर ट्वीट भी किया। बताया गया कि एसी की खराबी और अत्यधिक गर्मी के कारण सवारियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर 01:10 बजे शक्तिपुंज एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा से जबलपुर के लिए रवाना हुई। इस दौरान एसी कोच इ-3 के एसी में तकनीकी खराबी के कारण यात्रियों को परेशानी होने लगी। गर्मी अत्यधिक थी और एसी ऑन होने के बावजूद काम नहीं कर रहा था। इसे लेकर टीटीई से शिकायत की गई। वहीं एक यात्री दीपायन मुखर्जी ने रेलमदद को ट्वीट करते हुए शिकायत दर्ज कराई। रेलवेसेवा ने त्वरित रूप मामले को संज्ञान में लिया। रेफरेंस नंबर 2024042109772 के तहत शिकायत पर संबंधित अधिकारियों और विभागों को निर्देशित किया गया। ट्रेन शाम 08:55 बजे बजे बरकाकाना पहुंची। जहां कोच के यात्री काफी परेशान दिखे। हावड़ा से बरकाकाना पहुंचे दीपायन मुखर्जी ने बताया कि सफर के दौरान टेक्नीशियन की टीम ने एसी ठीक करने का प्रयास किया लेकिन गड़बड़ी ठीक नहीं हो सकी। भीषण गर्मी में यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी है। वहीं हावड़ा से गढ़वा जा रहे कृष्णा प्रसाद ने कहा कि ट्रेन परिचालन से पूर्व तकनीकी खराबियों को दूर कर लेना चाहिए। जिससे सवारियों को परेशानी उठानी न पड़े।



## पर्यावरण के संरक्षण के लिए वन क्षेत्र को सुरक्षित करना आवश्यक हैः प्राचार्य



**बरकाकाना।** डीएवी स्कूल बरकाकाना में सोमवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर परशुराम सदन की ओर से कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वह पृथ्वी जो हमारा आधार है वह पृथ्वी जिस पर हम जीवन यापन करते हैं। इसके संरक्षण का दायित्व हम सभी के कंधों पर है। वर्ग तृतीय से पंचम के बच्चों ने पृथ्वी दिवस विषय पर एक एकांकी प्रस्तुत किया जिसमें पृथ्वी को स्वच्छ रखने के बारे में बतलाया गया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर नर्सरी एवं एल केजी के बच्चों ने मीता गांगुली के निर्देशन में पौधा लगाया। यूकेजी के बच्चों ने अर्थ डे पर पृथ्वी को सुरक्षित कैसे रखा जाए इस विषय पर पोस्टर बनाया। वर्ग षष्ठ एवं सप्तम के बच्चों ने सेव द प्लेनेट विषय पर गीत गाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुस्तफा मजीद ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए जहां एक ओर वन क्षेत्र को सुरक्षित करना आवश्यक है वहीं दूसरी ओर नई पौध लगाकर मिट्टी के कटाव को भी रोकना आवश्यक है। ये नन्हे मुन्ने बच्चे पर्यावरण संरक्षण के महान कार्य में गिलहरी के भांति अपना छोटा-छोटा योगदान दे रहे हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चिल्ड्रेन पैराडाइस स्कूल में पृथ्वी दिवस पर संदेश

### धरती को बचाना है, तो ज्यादा पेड़ लगाना है...



**रामगढ़।** पृथ्वी दिवस पर रामगढ़ जिले में धरती को बचाने का संदेश दिया गया। सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। गोला पंचायत के चिल्ड्रेन पैराडाइस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डालसा रामगढ़ के बैनर तले बच्चों को पर्यावरण से संबंधित जानकारी पीएलवी पूनम कुमारी द्वारा दिया गया। साथ ही पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के उपायों की जानकारी दी गई। पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उसके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया। बच्चों को बताया गया कि पेड़ लगाने से पृथ्वी का मौसम संतुलित रहता है। बच्चों को पर्यावरण से जुड़े रहने की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि प्रत्येक मनुष्य को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही बच्चों को मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी गई।

## हरिवंश राय टाना भगत इनडोर स्टेडियम में जिला के कराटेकारों का रहा बेहतर प्रदर्शन, 6 गोल्ड, 5 सिल्वर व 5 ब्रॉन्ज पर जमाया कब्जा

भुरकुंडा। खेलगांव के हरिवंश राय टाना भगत इनडोर स्टेडियम में 20-21 अप्रैल को आयोजित झारखंड राज्य कराटे जूनियर, अंडर 21 व सीनियर कराटे प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला के 12 कराटेकारों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जिला के कराटेकारों ने 6 गोल्ड, 5 सिल्वर व 5 ब्रॉन्ज मेडल पर अपना कब्जा जमाया। इसमें चंद्रप्रकाश उपाध्याय, आर्या अग्रवाल, प्रियंका कुमारी, रवि सोरेन, ऋषि राज व संजय कुमार ने गोल्ड, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, अनुष्का, चंदन कुमार, प्रमोद कुमार व रवि सोरेन ने सिल्वर व विधि कुमारी, प्रणय कुमार, ऋषि राज, अनुष्का कुमारी व प्रियंका कुमारी ने ब्रोंज मेडल अपने नाम किया है। प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स कराटे एशोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा किया गया था। निर्णायक मंडली में रामगढ़ जिला के नेशनल जज विनय रंजन, मार्शल टुडू व नंदू साव शामिल थे। रामगढ़ जिला कराटे संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र सिन्हा ने कराटेकारों के बेहतर प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट आगामी 8 से 12 मई को होने वाले केआईओ नेशनल कराटे प्रतियोगिता के देहरादून स्टेडियम में भाग लेंगे।

## मायुमं और चेतना शाखा बच्चों के लिए पांच दिवसीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का किया शुरूआत

### बौद्धिक विकास और पौष्टिक आहार के साथ सिखाया जाएगा गुड टच-बैड टच

**रामगढ़।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और चेतना शाखा के संयुक्त तत्वाधान में एक नई पहल शुरू की है। कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार को ब्रिगेडियर पुरी पार्क में पांच दिवसीय कैंप लगाया गया है। इस कैंप में पहले ही दिन बच्चों को उनके स्वास्थ्य की पूरी जानकारी दी गई। सबसे हम विषय बौद्धिक और सामाजिक विकास का है। लेकिन इसमें पौष्टिक आहार को भी शामिल किया गया है। सामाजिक कुंठाओं से बच्चों को बचाने के लिए गुड टच और बेड टच की जानकारी भी दी जाएगी। संस्था के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बताया कि पांच दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बच्चों का बौद्धिक और समाजिक विकास हो, साथ ही साथ उनका पौष्टिक आहार के साथ खेल कूद मनोरंजन भी हो सके।





**इन 5 दिनों में क्या-क्या सीखेंगे बच्चे :** संस्था के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं अन्नू खंडेलवाल, ने बताया कि बच्चो को नियमित ब्रश करने एवं इसके तरीके, गुड टच-बैड बैड टच की जानकारी,पढाई के साथ-साथ जीवन में खेल-कूद का महत्व,जंक फूड के बदले पौष्टिक आहार खाना, खुद को सफाई के साथ रखना के तरीके सिखाए जाएंगे। इसके अलावा बच्चो को स्थानीय जू, पार्क इत्यादि का भ्रमण करवाया जाएगा।

**सोशल मीडिया, ध्यान और योग पर भी है जोर :** मारवाड़ी युवा मंच बच्चों को वर्तमान समय में तनाव से बचने के लिए सोशल मीडिया के प्रयोग, ध्यान और योग के बारे में भी जानकारी देगी। ताकि बच्चे अपने शारीरिक पोषण के साथ-साथ अपनी शारीरिक गतिविधि और मानसिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रख सके।

**इन इन स्थानों पर होंगे कार्यक्रम :** कार्यक्रम का पहला दिन ब्रिगेडियर पूरी पार्क से आरंभ किया गया। दूसरा दिन शीतल अग्रवाल आवास, तीसरा दिन हैलो किड्स रॉबिनहुड स्कूल, चौथा दिन शीतल अग्रवाल आवास एवं पांचवा दिन डीयू मिशन चर्च स्कूल में कार्यक्रम उपरांत समापन किया जाएगा।

### ये थे उपस्थित

अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, अन्नू खंडेलवाल, सचिव धीरज बंसल, शाखा अध्यक्ष अन्नू खंडेलवाल, सचिव प्राची चौधरी, मारवाड़ी चेतना शाखा की मिडिया प्रभारी सुमन चौधरी, कोषाध्यक्ष श्रींजय मेवाड़, शैली अग्रवाल, राहुल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## विश्व पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर पौधारोपण का आयोजन



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता सद्दाम अंसारी** चंदवारा आरएमएमएम+2 उच्च विद्यालय चंदवारा में बीएड ट्रेनी, विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थीयों एवं समस्त विद्यालय परिवार की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय प्रभारी राधे श्याम शुक्ला ने कहा की हर वर्ष हर व्यक्ति को पांच पौधा अवश्य लगाना चाहिए। जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके। कार्यक्रम में प्रभारी राधेश्याम शुक्ला, रंजीत कुमार, जेपी कुमार, दिग्विजय सर, अरुण सर, निशी सागर, सत्यानंद सर, बीएड प्रशिक्षु शिक्षक आरपीवाईटीटीसी से देव कुमार, कुमारी अंजली, श्रुती कुमारी, ग्रिजली से राजन कुमार, सम्मा प्रवीण, कलावती कुमारी एवं नीतू कुमारी, आलोक, आशीष, स्वाति, मनीषा इत्यादि मौजूद थे।

## महुआ शराब की भट्ठियों को किया ध्वस्त



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** सतगावां पुलिस अधीक्षक कोडरमा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अबैध शराब के विरुद्ध अभियान के तहत कोडरमा जिले के सुदूरवर्ती प्रखण्ड सतगावां के सुदूरवर्ती इलाका कटैया के जंगल में सोमवार को सतगावां थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में सघन अभियान चलाया गया जहां वृहद पैमाने पर अबैध महुआ शराब बनाया जा रहा था। सशस्त्र बल के जवानों ने सभी 5 भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। जबकि 800 लीटर जावा महुआ को विनिष्ट किया गया तथा सतगावां थाना लाया गया एवं सम्मिलित सतगावां थाना प्रभारी विजय गुप्ता एवं एस अई रौशन कुमार पासवान हवलदार रामदेव प्रसाद यादव कांस्टेबल अशोक कुमार एवं पवन कुमार टीम में शामिल थें। एवं थाना प्रभारी के द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## आर.पी. मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल प्रांगण में पृथ्वी दिवस पर वृक्षा रोपण कार्यक्रम का आयोजन



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** झुमरी तिलैया आर.पी. मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल, लाराबाद, कोडरमा के प्रांगण में पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल पर वृक्षा रोपण का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा एक से दशवीं तक के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा इस कार्यक्रम में बच्चों ने चित्र एवं हस्त कला आदि प्रदर्शनों के द्वारा पृथ्वी दिवस की महत्ता को प्रदर्शित किया । इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम- ÷एक पेड़ लगाओ, एक भविष्य बनाओ÷ रखा गया, इस थीम के आधार पर प्राचार्य- विक्रम कुमार सिन्हा द्वारा बच्चों को पेड़-पौधे तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव और प्रकृति पर पड़ने वाले मनुष्यों द्वारा नकारात्मक प्रभाव से बच्चों को अवगत कराया निदेशक- रामदेव मोदी तथा RPMIHS के सभी शिक्षक एंव शिक्षकेतर ने विद्यालय के मैदान में एक-एक फलदार पेड़-पौधे लगाने का कार्य किये इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन समन्वयक- अलोक कुमार के देख रेख में संम्पन की गई

## जी. एस. पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** डोमचांच स्थित जी. एस. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया जहां बच्चों ने इस अवसर पर ड्रॉइंग कम्पटीशन में भाग लिया व एक से बढ़कर एक पेंट बनाते हुए अच्छे संदेश देने का कार्य किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने संबोधन में कहा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं-आज के समय में बढ़ती आबादी के कारण हर दिन पेड़ों की कटाई हो रही है इसके साथ ही हर दिन ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ते जा रही है इसलिए जरूरी है कि आप अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और लोगों को इसके बारे में जागरूक करें। उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए कहा बच्चों में पढ़ाई के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता देखने को मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित उपनिदेशक नीरज सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा कि हर साल 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ-डे यानी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद है, कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझकर अपने आसपास के पर्यावरण को अच्छा बनाने के लिए काम करें। यह मौका पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी की बिगड़ती सेहत को लेकर लोगों को सचेत करने का है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के वर्ग प्रथम से पंचम तक के बच्चे भाग लिए जिसमे सभी ने बेहतर प्रदर्शन कर अच्छे संदेश दिए। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया क्या जिसमें दिव्या कुमारी,राखी कुमारी, आयुष कुमार,परी कुमारी, रियांश राज, मानसी कुमारी, एंजेल कुमारी, अलीना, स्मृति रानी, रितिका रानी, अनिका यादव,राधिका कुमारी,दिव्या भारती, प्रीति कुमारी शामिल हैं।

# भगवान महावीर जन्म जयंती के अवसर पर पालना झूलाना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी** तिलैया भगवान महावीर जन्म जयंती के अवसर पर पानी टंकी रोड स्थित जैन मंदिर में संध्या में भगवान महावीर का पालना झुलाना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी जैन मंदिर पहुंची वहां पर मंदिर का दर्शन किया भगवान महावीर की आरती की एवं पालना झुलाया समाज के पदाधिकारी एवं महिला समाज की अध्यक्ष नीलम सेठी सचिव आशा गंगवाल प्रेम झाझंरी सरिता काला पार्षद पिंकी जैन ने सांसद का स्वागत अभिनंदन किया। समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा समाजसेवी सुरेश झाझंरी ने स्वागत भाषण दिया इस मौके पर स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सभी श्रद्धालु भक्तों और देशवासियों को भगवान महावीर जन्म जयंती की शुभकामनाएं दी , उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत और आदर्शो पर चलकर ही राष्ट्र महान बन सकता है पूरे विश्व में उन्होंने सत्य अहिंसा और शांति का अलख जलाया जिसकी आज सबसे अधिक जरूरत है । भगवान महावीर त्याग तपस्या की प्रति मूर्ति थे मनुष्य उनके जीवन चरित्र को अपनाकर ही अपना जीवन सुखमय बना सकता है उनके दिव्य संदेश जियो और जीने दो को अपनाकर ही विश्व मैत्री स्थापित किया जा सकता है। रात्रि में महिला संगठन के द्वारा भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य भजन आदि किया गया जिसमें महिला समाज की सदस्यों ने संयुक्त रूप से भाग लिया कार्यक्रम का सफल बनाने में मुख्य रूप से आशा गंगवाल सुबोध गंगवाल कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जैन काला भंडारी सुनील जैन सेठी ने अपना योगदान दिया । समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की सफलता पर पूरे जैन समाज के प्रति आभार प्रकट किया सामूहिक वात्सल्य भोजन में विशेष योगदान देने के लिए विनोद अजमेरा टुन्नू सुनील छाबड़ा सुशील छाबड़ा की प्रशंसा की समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन एवं राजकुमार अजमे रा ने बताया कि भगवान महावीर जयंती के अवसर पर जैन युवक समिति के सदस्य विकास विवेक सेठी लब्बू अभिषेक गंगवाल घोटू विवेक छाबड़ा आदि सदस्यों के द्वारा काली मंदिर के पास सैकड़ो गरीब जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया इस मौके पर ललित सेठी कमल सेठी सुरेश जैन पांडया ओम जी सेठी सुरेश सेठी पदम सेठी कैलाश जी जोशीला हनुमान पाटनी संदीप सेठी अतिथि के रूप में कृष्णा ब्रह्मपुरिया संजय शर्मा राजेश सिन्हा सुधीर सेठ आदि लोग उपस्थित थे जिनका समाज के पदाधिकारी ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## 154 वीं जयंती पर याद किए गए ब्लादिमीर लेनिन




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
**कोडरमा** - सोवियत क्रांति के नायक ब्लादिमीर लेनिन की 153 वीं जयंती पर याद कर श्रद्धांजलि देते हुए मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि लेनिन मज़दूर वर्ग के विशाल हृदय में बस्ते हैं। वे हमारे शिक्षक हैं। उनके सिद्धांत आज भी हमारे साथ है। कॉमरेड लेनिन पूरे दूनिया में सर्वहारा वर्ग के नेता हैं, मार्क्सवाद के आधार पर वे बिना शोषण व बिना वर्गीय भेदभाव के समाजवादी व्यवस्था कायम करना चाहते थे। जिसका सफल प्रयोग कर 1917 के रूसी क्रांति के बाद 30 सालों में ही किया गया। सीटू नेता ने कहा कि क्रांतिकारी वैज्ञानिक भावना दोनों का मिलन ही मार्क्सवाद है। लेनिन ने कहा था कि ठोस परिस्थितियों का ठोस विश्लेषण के आधार पर ही वास्तविक क्रांति संभव है। चुनौतियों का मुकाबला इसी रास्ते से किया जा सकता है. आज देश में भाजपा सरकार की कॉरपोरेट परस्त नीतियों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर हो गई है, आज देश कमरतोड़ महंगाई व बेरोजगारी के गंभीर संकट से गुजर रहा है। मोदी सरकार के द्वारा जनविरोधी नीतियों को थोप कर देश की जनता पर लगातार हमला किया जा रहा है।देश की तमाम सार्वजनिक क्षेत्रों बैंक, बीमा, रेल, कोयला, स्टील आदि को निजीकरण कर पूंजीपतियों के हांथो में सौंप रही है। सरकारी नौकरियाँ समाप्त कर नौजवानों के भविष्य को बर्बाद किया जा रहा है। मजदूरों को गुलाम बनाने के लिए 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड में बदल दिया है। हिन्दू मुस्लिम के नाम पर देश में विभाजन की राजनीति की जा रही है। जो हमारी संस्कृति, लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला है. देश का भविष्य खतरे में है। अब जब लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है, कॉमरेड लेनिन की जयंती पर सीटू मजदूर वर्ग को आह्वान करता है कि मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ हमें मजदूर वर्ग की व्यापक एकता और संघर्ष को मजबूत करने के साथ साथ भारत की संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस चुनाव में जनविरोधी भाजपानीत मोदी सरकार को उखाड़ फेंके।

## यज्ञ अनुष्ठान में ड्रग्स नशापान परित्याग का संकल्प दिलावे पुजारी - डॉ आरसी मेहता

**हजारीबाग– आज** नौजवान ड्रग, नशापान के चपेट में आ चुका है। पुलिस प्रशासन कुंभकरण निद्रा में निद्रायण है, य़दि समय रहते नहीं चेता गया तो ड्रग नशा पान कोरोना से भी ज्यादा गंभीर महामारी का रूप लेगा। नाबालिक ड्रग से एडिक्ट हो रहे हैं एडिक्ट रोगी नशा शुरू करने के बाद औसतन 3 से 5 वर्ष में मौत के मुंह में जा रहे है। मद्यपान करने वाले व्यक्ति अनेकों बीमारी से ग्रसित हो जाते है। आज मंदिरों एवं यज्ञों का अनुष्ठान गांव शहरों में हो रहा है पुरोहितों से निवेदन है। नशेड़ियों को यज्ञ में ड्रग्स छोड़ने का संकल्प दिलावें । भगवान के भय से लोग नशा का त्याग करेंगे। दुनिया धार्मिक कानून सामाजिक कानून एव संवैधानिक कानून से चल रहा है, कोई बुरा कार्य करने से पहले मानव सोचता है कि भगवान देख रहा है। भगवान के डर से अपराधिक कार्य कम करते है दूसरा सामाजिक कानून के तहत समाज के लोग हमें समाज निकला करेगा, यह सोचकर अनैतिक कार्य कम करते हैं तीसरा संवैधानिक कानून के तहत लोग केस मुकदमा और सजा के भय से गैर कानूनी कार्य करने से बचते हैं यह बातें प्रमंडलीय कांग्रेस स्वास्थ्य अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने खैर कर्मा के यज्ञ मंडप में बातोर मुख्य अतिथि संबोधन में कहा डॉ मेहता ने कहा की ड्रग्स, हीरोइन, नशा ,खुरानी, दहेज प्रथा बरहेत प्रथा ओझा गुनी मौलवी भगत प्रथा जैसे अनेको रुढ़िवादी प्रथा है। जिसे यज्ञ में संकल्प से छुड़ाया जा सकता है। प्राय देखने को मिलता है की हर यज्ञ में जनता स्वयं संकल्प लेकर अनेकों कुरीतियों को त्याग करते आ रहे हैं ।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदाता जागरूकता को लेकर एलईडी वैन किया रवाना




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त कोडरमा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता को लेकर आज समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिका सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के द्वारा जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एलईडी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित की जा रही है । साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 20 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इस वाहन में लगे वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। साथ ही एल ई डी के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता से संबंधित वीडियो ऑडियो क्लिप दिखाया जायेगा और नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। इसके अलावा उन्होंने सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी।

## न्यायालयकर्मी इंदु कुमार दिवाकर के आकस्मिक निधन पर व्यवहार न्यायालय परिसर में शोक सभा का आयोजन






**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
कोडरमा/व्यवहार न्यायालय न्यायालय कोडरमा के न्यायालयकर्मी इंदू कुमार दिवाकर के आकस्मिक निधन पर व्यवहार न्यायालय कोडरमा परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया । इस शोक सभा में व्यवहार न्यायालय कोडरमा के सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया । उल्लेखनीय है कि कोडरमा व्यवहार न्यायालय में कार्यरत 1997 बैच के न्यायालय कर्मी इंदू कुमार दिवाकर का अचानक दिल्ली में इलाज के क्रम में निधन हो गया । वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे ।इंदु कुमार दिवाकर की सेवा 2 वर्ष के लगभग और थी । वह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन का समाचार प्राप्त होते ही न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में शोक की लहर फैल गई ।आज सुबह से ही न्यू कॉलोनी कोडरमा स्थित उनके आवास पर कई न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दिया। आज न्यायालय परिसर में आयोजित शोक सभा में सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मृत आत्मा की शांति के लिए एवं परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की क्षमता प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की एवं सभी लोगों ने शोक प्रकट किया। इंदू कुमार दिवाकर एक कर्तव्य निष्ठ एवं मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाए थे।मौके पर कोडरमा के प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह, जिला जज तृतीय तरुण कुमार, जिला जज चतुर्थ राकेश चंद्रा ,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रताप चंद्रा, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अवर न्यायाधीश तृतीय प्रज्ञा बाजपेयी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो सहित अन्य कई न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण व विद्वान अधिवक्ता मौजूद थे । आज कोडरमा बरसोतियाबर स्थित मुक्तिधाम में इंदु कुमार दिवाकर की अंत्येष्टि की गई जिसमें न्यायालय कर्मी, अधिवक्ता सहित कई स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया। आज सुबह भाजपा नेत्री सह केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने उनके परिवार वालों से मिलकर ढाढस बंधाया और शोक प्रकट किया।

# पृथ्वी दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन






**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
**कोडरमा–** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वधान में सोमवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल ओम प्रकाश सिन्हा ने किया। जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि जागरूक होकर ही धरती को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेतकीब विकास और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से पृथ्वी का संकट गहरा रहा है। यही कारण है कि आए दिन किसी न किसी हिस्से में प्राकृतिक तबाही होती रहती है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है हमे सोचने की जरूरत है । इन सब घटनाओं के मूल में जलवायु परिवर्तन है। मानव द्वारा प्रकृति विरुद्ध की जा रही गतिविधि गतिविधियां धरती का तापमान लगातार बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सभी के योगदान से धरती को सुरक्षित रखा जा सकता है। वहीं डिप्टी चीफ एलईडीसीएस किरण कुमारी ने कहा कि मानव के लगातार दोहन से नदियां सूख रही है। धरती का जलस्तर नीचे जा रहा है। बढ़ती आबादी के चलते प्रकृति के संसाधनों का अधिक दोहन हो रहा है । इसे रोकने की आवश्यकता है। वही एलईडीसीएस राजेंद्र मंडल ने कहा कि कल - कारखानों एवं गाड़ियों के लगातार प्रयोग से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। वही एलईडीसीएस अरुण कुमार ओझा ने कहा कि ÷धरती बचाओ जीवन बचाओ÷ ÷धरा नहीं तो सब धरा रह जाएगा÷ इस बार पृथ्वी दिवस का थीम है %धरती बनाम प्लास्टिक%

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे से पृथ्वी की जैव विविधता बुरी तरह प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इससे छुटकारा पाने के लिए ठोस कदम उठाने ही होंगे। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई रोकनी होगी। साथ ही सबों को आगे जाकर नए पेड़ -पौधे लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल भी करनी होगी। क्योंकि धरती से ही हमें जीने के लिए ऑक्सीजन, पानी व भोजन प्राप्त होता है । कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार ओझा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के प्रिंसिपल ओम प्रकाश सिन्हा ने किया। मौके पर न्यायालय कर्मी रंजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह पीएलबी आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बढ़ने का परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी

**खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।**

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढ? से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ? से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।




निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि, रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहां एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जहां कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुट्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमरीका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुट्ठियों में आए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूंकि देश में मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, अतएव इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ? के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है।

खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण नियातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभान्वित हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की, उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए।

ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। ऐसे में नई खाद्यान्न भंडार योजना के माध्यम से देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था नए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुआयामी उपयोगिता देते हुए दिखाई देगी। हम उम्मीद करें कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों व ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि में व्यापक विकास के आसार हैं।

## संपादकीय

# कम मतदान पर चिंता

सात चरणों में कराए जा रहे आम चुनाव-24 के प्रथम चरण में 2019 की तुलना में करीब चार फीसद कम मतदान होने से चुनाव आयोग, राजनीतिक दल गरज यह कि चुनाव प्रक्रिया से संबद्ध सभी पक्ष चिंता में पड़ गए हैं। गौरतलब है कि अठारहवीं लोक सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान अपेक्षाकृत धीमी गति से शुरू हुआ लेकिन दिन चढ़ने के बाद भी धीमापन आखिर तक बरकरार रहा। मतदान के एक दिन बाद ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान, चाहे किसी को भी वोट करें, में जरूर हिस्सा लें। कम मतदान के कारणों की पड़ताल शुरू हो चुकी है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कई राज्यों में लू की स्थिति, शादियों के मुहूर्त और मतदाताओं में उत्साह की कमी के चलते मतदान फीसद में गिरावट आई है। चार फीसद कम मतदान का मतलब हुआ कि पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 48 लाख मतदाता मत देने नहीं पहुंचे। मतदान का पहला चरण बाकी के चरणों का रुख तय करता है, जैसा कि पिछले दो संसदीय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि बाकी बचे छह चरणों में भी मतदाताओं में उदासीनता का रुख बना रह सकता है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। यह सवाल परेशानी का सबब बन चुका है कि आखिर, शिक्षित मतदाता तक अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इस कदर गैर-जिम्मेदाराना रवैया क्यों अपना रहा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि देश के नागरिक का अपने देश के प्रति, लोकतंत्र के प्रति दायित्व सर्वोपरि है। यदि नागरिक इस प्रकार से मतदान के प्रति बेरुखी दिखाएगा तो लोकतंत्र कैसे समृद्ध बना रह पाएगा। आने वाले छह चरणों में भी मतदाता का यही रुख न बना रहे इसके लिए समन्वित प्रयास करने जरूरी हैं। हालांकि चुनाव आयोग चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खासे प्रयास अरसे से करता रहा है। इस क्रम दस से ज्यादा मशहूर हस्तियों को राजदूत के रूप में नियुक्त करने के साथ ही आईपीएल दर्शकों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया गया। कहना यह कि चुनाव आयोग ने मतदाताओं को अपने अधिकार के उपयोग यानी मतदान के लिए प्रेरित करने में अपने तई कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन इसके बावजूद मतदान में गिरावट देखने को मिली है। मतदान को अनिवार्य किए जाने का विकल्प भी खुला है। हालांकि वह नौबत न ही आए तो अच्छा।

## चिंतन-मनन


# कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है।

यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है।


एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके। उदाहरण के लिए ज्यों ही वह कुत्ते के शरीर में स्थापित किया जाता है, उसे कुत्ते की भांति आचरण करना होता है। यदि जीव को शूकर का शरीर प्राप्त होता है, तो वह मल खाने तथा शूकर की भांति रहने के लिए बाध्य है। इसी प्रकार यदि जीव को देवता का शरीर प्राप्त होता है, तो उसे अपने शरीर के अनुसार कार्य करना होता है। यही प्रकृति का नियम है। लेकिन समस्त परिस्थितियों में परमात्मा जीव के साथ विद्यमान रहता है।


# लोकसभा चुनाव को धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने की कोशिश


सनत जैन

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। 102 सीटों पर हुए मतदान के बाद जो स्थिति सामने आई है। उसके बाद एक बार फिर लोकसभा चुनाव को धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले मुस्लिम लीग के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुसलमानों का कोई उल्लेख ही नहीं था। कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के जालौर में जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, कांग्रेस यदि सत्ता में वापस आएगी, तो वह लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वाले लोगों के बीच मुसलमानों में बांट देगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि वह माता और बहनों के सोने का सर्वे करेगी। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में यह भी सवाल किया, आपकी मेहनत की कमाई को क्या घुसपैठियों और नक्सली मानसिकता वाले लोगों के बीच में बांटना चाहिए। कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र को भी नहीं छोड़ेंगे। ऐसा कहकर उन्होंने महिलाओं के साथ-साथ हिंदुओं के बीच में धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की है। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन चुका है मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी हो चुकी है। भाजपा को लगता था, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदुओं का सैलाब भाजपा के साथ जुडेगा। उत्तर से दक्षिण तक पश्चिम से पूर्व तक हिंदुत्व की लहर चलना शुरू हो जाएगी। चारों शंकराचार्य के अयोध्या नहीं पहुंचने तथा मंदिर के शिखर का काम पूरा नहीं होने के बाद भी मंदिर में की गई प्राण प्रतिष्ठा शंकराचार्य ने को अपशगुन बताया था। उसके बाद से ही हिंदुत्व की हवा और मंदिर का जो लाभ भाजपा को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के जिस बयान को आधार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुसलमानों से जोड़कर जो कहा है, ऐसा मनमोहन सिंह ने कभी नहीं कहा था। इसे कई बार मीडिया दिखा भी चुका है। योजना आयोग की बैठक में उन्होंने यह कहा था कि अल्पसंख्यक वर्गों की भी इसमें हिस्सेदारी होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया था। एससी, एसटी तथा अल्पसंख्यक समुदाय को भी आर्थिक लाभ मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की घोषणा पत्र की गलत व्याख्या की है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान को तोड़मोड़ करके प्रस्तुत कर धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा इस बात को भूल रहे हैं कि 2024 का चुनाव 2014 और 2019 के चुनाव से अलग है। उस समय लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा कर रहे थे। 2014 के चुनाव में उन्होंने 60 महीने का समय मांगा था। अच्छे दिनों का वायदा किया था। महंगाई कम करने का वादा किया था। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम घटाने की बात कही थी। 2 करोड लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। काला धन देश में वापस लाकर 15 लाख रुपए गरीबों के खाते में भेजने की बात कही थी। तब कांग्रेस के प्रति लोगों में अविश्वास था। नरेंद्र मोदी के ऊपर जनता विश्वास कर रही थी। 2019 के चुनाव में प्रधानमंत्री ने एक बार का कार्यकाल और मांगा। नोटबंदी के बाद काला धन वापस लाने का भरोसा दिलाया। लोगों को काले धन से उन्हें आर्थिक मदद करने का भरोसा दिलाया। राम मंदिर बनाने का भरोसा पैदा किया। धारा 370 जैसे मामले में धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करके 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव भाजपा ने जीत लिया। पिछले 10 वर्षों में जो वायदे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए थे। उनमें से कोई भी वायदा पूरा नहीं हुआ। युवाओं को नौकरी नहीं मिली, केंद्र एवं राज्य सरकारों ने अपने रिक्त पदों को नहीं भरा। सरकार ने ऐसी कोई नीतियां नहीं बनाई, जिससे युवाओं को रोजगार मिले। 2022 तक सबको पक्के मकान देने का वादा किया गया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ। कुछ ही लोगों को पक्के मकान मिले हैं। उन्हें भी रिश्वत देनी पड़ी है रही सही कसर हाल ही में चुनावी बांड का जो डाटा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बाहर आया है उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदार और भारतीय जनता पार्टी की भ्रष्टाचार मुक्त छवि को आम जनता के सामने उजागर कर दिया है। पिछले 10 वर्षों में देश में भ्रष्टाचार बढ़ा है, महंगाई बढी है। लोगों पर टैक्स और शुल्क बढ़ाए गए हैं। जिसके कारण गरीब हो या मध्यम वर्गीय परिवार सभी का जीना मुश्किल हो गया है। मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति कम हुई है। उसके ऊपर कर्ज बढ़ गया है। जिसके कारण भाजपा के चुनाव प्रचार, गोदी मीडिया के प्रचार का असर आम जनता पर नहीं पड़ रहा है। पहली बार नरेंद्र मोदी, भाजपा और गोदी मीडिया को विश्वसनीयता के संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन सीधे मुकाबले में आकर खड़ी हो गई है। किसानों के आंदोलन और युवा बेरोजगारों के आंदोलन को जिस तरीके से डबल इंजन की सरकारों ने लाठी डंडे और अश्रु गैस से दबाया है। उसका असर इस चुनाव में देखने को मिल रहा है। इंडिया गठबंधन और कांग्रेस इस समय पूरी आक्रामकता के साथ गोदी मीडिया और सोशल मीडिया में जवाब दे रही है। गोदी मीडिया से अब भाजपा को फायदा कम नुकसान ज्यादा होने लगा है। इंडिया गठबंधन के प्रवक्ता जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी और झूठ और सच को लेकर गोदी मीडिया के सामने अपना पक्ष रखने लगे हैं। उसके कारण भी भाजपा को वह लाभ गोदी मीडिया से नहीं मिल पा रहा है, जो कुछ माह पहले तक मिल रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के स्टार प्रचारक जो भी प्रचार कर रहे हैं। उसका असर आम जनता में होता हुआ नहीं दिख रहा है। धार्मिक ध्रुवीकरण में हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा भी इस चुनाव में नहीं उठ रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में अब राजनीतिक विश्लेषक यह कहने लगे हैं। जिस तरह का चुनाव 1977 में आपातकाल के बाद हुआ था। लगभग वैसी स्थिति 2024 के चुनाव में देखने को मिल रही है।

# संकटमोचन हनुमान के ह्रदय में बसते है राम!




डॉ श्रीगोपाल नारसन

भगवान राम के परमभक्त हनुमान को संकटमोचन कहा जाता है। हनुमान की पूजा करने से हर प्रकार के संकट और बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं,ऐसी मान्यता है। अपने भक्तों को हनुमान हर भय, पीड़ा से मुक्त रखते हैं। हनुमान की स्तुति यूं तो हरदिन की जाती है,लेकिन हनुमान जयंती पर इसका विशेष महत्व है। इसी दिन हनुमान का जन्म हुआ था। इस दिन हनुमानजी के नाम का व्रत करके बूंदी, हलवा, लड्डू जैसी मीठी चीजों का भोग लगाने से हनुमान की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बनी रहती है।चैत्र पूर्णिमा के तिथि 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3:25 बजे से हनुमान जयंती शुरू होगी, और 24 अप्रैल 2024 को सुबह 5:18 बजे पर समाप्त होगी। इस कारण से हनुमान जयंती 23 अप्रैल को मनाई जा रही है। सुबह 3:25 बजे से लेकर 5:18 बजे के बीच हनुमान जी की पूजा कर सकते हैं। इस दिन चित्रा नक्षत्र भी पड़ रहा है, चित्रा नक्षत्र के स्वामी मंगल है। मंगलवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित होता है। हनुमान जयंती पर एक और संयोग बन रहा है कि इस दिन मंगल मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। पौराणिक कहानियों के अनुसार हनुमान जी को अमरत्व का वरदान प्राप्त है। हनुमान बाबा पर आस्था और श्रद्धा रखने वाले भक्त मानते हैं कि हनुमान जी कलियुग में भी जीवित हैं और अपने भक्तों के सभी संकटों और कष्टों को दूर कर रहे हैं। जो लोग आकस्मिक संकट, रोग पीड़ा, मृत्यु भय जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें हनुमान जी की पूजा जरूर करनी चाहिए। भगवान राम के भक्त हनुमान जी की रामभक्ति अनुकरणीय रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के दशवे अध्याय में कहा है कि रूद्रो में शंकर मैं ही हूं। अर्थात मैं ही हनुमान भी हूं जो सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते है।

कहते है, हनुमान ने सुरसा की बात मान ली थी और उसका भोजन बनना स्वीकार कर लिया था, सुरसा ने ज्यों ही मुंह खोला, पवन पुत्र ने अपना आकार विशाल कर लिया। यह देख सुरसा ने भी अपना आकार बड़ा कर लिया। जब हनुमान ने देखा कि सुरसा ने अपनी सीमा लांघ कर मुंह का आकार और भी बड़ा कर लिया तो वे तत्काल अपने विशाल रूप को समेटते हुये उसके मुंह के अंदर गये और बाहर वापस आ गये। हनुमान के बुद्धि कौशल से प्रसन्न होकर सुरसा ने उन्हें आर्शीवाद देते हुये कहा पुत्र, तुम अपने कार्य में सफल हो। हनुमान ने अपने शरीर को पहले विशालकाय और फिर एक छोटे रूप से महिमा तथा लधिमा सिद्धि के बल पर किया था। हनुमान रूद्र के ग्यारहवें अवतार माने जाते है। संकटमोचक हनुमान अष्ट सिद्धि और नव निधि के दाता भी है। हनुमान अणिमा, लधिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, महिमा, इशित्व और वशित्व इन सभी आठ प्रकार की सिद्धियों के स्वामी है।आध्यात्मिक चिंतक डॉ मुरलीधर की माने तो, राम जब लक्ष्मण के साथ सीता जी को वन-वन खोज रहे थे तब वहां ब्राह्मण वेश में हनुमानजी अपनी सरलता, वाणी और ज्ञान से रामजी को प्रभावित कर लेते है। वह वंशीकरण वशित्व सिद्धि है। माता सीता को खोजने के क्रम में जब पवन पुत्र सागर को पार करने के लिए विराट रूप धारण करते है तो उनका यह कार्य महिमा सिद्धि का रूप धारण कर लेता है। इसी प्रकार जब हनुमान सागर पार कर लंका में प्रवेश करने के लिए आगे बढ़े तो अति सूक्ष्म रूप धर कर अणिमा सिद्धि को साकार किया। माता सीता को खोजते खोजते जब बजरंग बली अशोक वाटिका में पहुंचे तो उनके लघु रूप बनने में लधिमा सिद्धि काम आयी। इसी प्रकार पवन सुत की गरिमा सिद्धि के दर्शन करने के लिए महाभारत काल में जाना होगा, जब हनुमान महाबली भीम के बल के अंधकार को तोड़ने के लिए बूढ़े बानर का रूप धारण उनके मार्ग में लेट गये थे और भीम उनकी पूंछ को हिला भी नही पायें। इसी प्रकार बाल हनुमान के मन में उगते हुये सूर्य को पाने की अभिलाषा जागी तो उन्होंने उसे पकड़ कर मुंह में रख लिया तो अभिलाषा सिद्धि के दर्शन हुये। प्राकाम्य सिद्धि को समझने के लिए पवन पुत्र की राम के प्रति भक्ति को समझना होगा। रामभक्त हनुमान ने राम की भक्ति के अलावा और कुछ नही चाहा और वह उन्हें मिल गयी। इसलिए कहा जाता है कि हनुमान की कृपा पाए बिना राम की कृपा नही मिलती। पवन पुत्र की राम के प्रति अनन्य भक्ति का ही परिणाम था कि उन्हें प्रभुत्व और अधिकार की प्राप्ति स्वतः ही हो गयी इसे ही इंशित्व सिद्धि कहते है। इसी प्रकार नव रत्नों को ही नौ निधि कहा जाता है। ये है-पद्म महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील और खर्ब। सांसारिक जगत के लिए ये निधियां भले ही बहुत महत्व रखती हों, लेकिन भक्त हनुमान के लिए तो केवल राम नाम की मणि ही सबसे ज्यादा मूल्यवान है। रावध वध के पश्चात एक दिन श्रीराम सीताजी के साथ दरबार में बैठे थे। उन्होंने सभी को कुछ न कुछ उपहार दिय। श्रीराम ने हनुमान को भी उपहारस्वरूप मूल्यवान मोतियों की माला भेंट की। पवन पुत्र उस माला से मोती निकाल निकालकर दांतों से तोड़ तोड़कर देखने लगे। हनुमान के इस कार्य को देखकर भगवान राम ने हनुमान से पूछा, हे पवन पुत्र आप इन मोतियों में क्या ढूंढ रहे हो? पवन पुत्र ने कहा, प्रभु में आपको और माता को इन मोतियों में ढूंढ रहा हूं। लेकिन इसमें आप कही नही दिखाई दे रहे है और जिस वस्तु में आप नही, वह मेरे लिए व्यर्थ है। यह देख एक दरबारी ने उसने कहा पवन पुत्र क्या आपको लगता है कि आपके शरीर में भी भगवान है? अगर ऐसा है तो हमें दिखाइए। नही तो आपका यह शरीर भी व्यर्थ है। यह सुनकर हनुमान ने भरी सभा में अपना सीना चीरकर दिखा दिया। पूरी सभा यह देखकर हैरान थी कि भगवान राम माता जानकी के साथ हनुमान के ह्रदय में विराजमान है।तभी तो हनुमानजी को राम का परमभक्त होने का सम्मान मिला और वे चिरंजीवी कहलाये।

## भारत में दिनों दिन बढ़ रहा है पानी का संकट

### – 2050 तक स्थिति होगी विकराल

नई दिल्ली। भारत की आबादी दुनिया के देशों में सबसे ज्यादा है। भारत का जल संकट भी बहुत भयावह होने जा रहा है। डीसीएम श्री राम और सत्य नॉलेज की एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है। 2050 तक भारत में प्रति व्यक्ति जल की मांग में 30 फ़ीसदी की वृद्धि होगी। बढ़ती आबादी और जल संसाधनों की कमी के कारण पेयजल के भयंकर संकट का सामना भारत को करना पड़ेगा। 2050 तक भारत में दुनिया की 17 फ़ीसदी आबादी होगी। रिसर्च में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले इंडेक्स के अनुसार प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाके जल संकट से बुरी तरह प्रभावित होंगे। भारत की 76 फ़ीसदी आबादी के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में 2025 से लेकर 2050 तक भारत का जल संकट बढ़ता जायेगा। भारत के 50 फ़ीसदी जिलों में पानी का भयावह संकट होने की चेतावनी रिसर्च रिपोर्ट में दी गई है।

## तिरुपति मंदिर की संपत्ति दुनिया के धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा

### – 13287 करोड़ की एफडी, 11 टन सोना

हैदराबाद । दुनिया के सबसे अमीर मंदिर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने इस साल 1161 करोड रुपए की एफडी कराई है। ट्रस्ट की बैंकों में कुल एफडी 13287 करोड रुपए की हो गई है। इसके अलावा मंदिर के अन्य ट्रस्ट के माध्यम से 5529 करोड रुपए एफडी में जमा किए हुए हैं। सभी बैंकों और सभी ट्रस्टों की नगदी 18817 करोड रुपए हो गई है। दुनिया भर के सभी धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा धनी ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम है। हर साल जमा रकम के ब्याज से 1600 करोड रुपए की आय इस ट्रस्ट को होती है। हाल ही में ट्रस्ट ने बैंक में 1031 किलो सोना जमा किया है। ट्रस्ट के पास 11329 किलोग्राम सोना हो गया है। हर साल तिरुपति ट्रस्ट की एफडी और सोने के भंडार में वृद्धि हो रही है। कोरोना के समय में दान में कम नगदी प्राप्त हुई थी। 2013 से लेकर 2024 तक ट्रस्ट में दान की राशि में वृद्धि होती रही है। 2012 में ट्रस्ट की एफडी 4820 करोड रुपए की थी। जो 2024 में बढ़कर 13287 करोड रुपए की हो गई है।

## गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया

नई दिल्ली। गाजीपुर लैंडफिल साइट (कचरा एकत्र करने की जगह) पर आग लगने के कुछ घंटों बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 278 (माहौल को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनाना) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दिल्ली दमकल सेवा के अनुसार, कचरे के विशाल पहाड़ से उत्पन्न गैसों के कारण 'लैंडफिल' में भीषण आग लग गई। लैंडफिल के निकट रहने वाले शख्स ने कहा, आग लगने के बाद से 15 घंटे बीत चुके हैं। यह धुआं आम नहीं बल्कि बेहद जहरीला धुआं है। जलन की वजह से हम अपनी आंखें नहीं खोल पा रहे हैं और सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और केंद्र शासित प्रदेश सरकार पर जनता को बेहतर जीवन दे पाने में विफल रहने का आरोप लगाया। दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने कहा, जैसे ही मुझे पता चला, मैंने अधिकारियों को कार्रवाई करने और लैंडफिल साइट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वे पूरी रात यहां थे। अब स्थिति बेहतर है। हालात बेहतर हैं। अगले पांच घंटों में धुएं पर काबू पा लिया जाएगा। भाजपा सिर्फ आरोप लगा रही है। यह राजीनित करने का वक्त नहीं है।

## पंजाब में भाजपा प्रत्याशियों को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा

चंडीगढ़ । बटाला में किसानों ने गुरदासपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दिनेश बब्बू और बरनाला में पार्टी नेता अरविंद खन्ना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पंजाब की विभिन्न संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवारों और नेताओं को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फरीदकोट सीट से भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस, अमृतसर से तरनजीत सिंह संधू और पटियाला से परनीत कौर को भी किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उस स्थान की ओर जाने से रोकने की भी कोशिश की, जहां बब्बू और भाजपा समर्थक चुनाव प्रचार संबंधी कार्यक्रम कर रहे थे। फतेहगढ़ चूड़ियां में एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वे भाजपा नेताओं का विरोध करना जारी रखने वाले हैं। विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देकर भाजपा उम्मीदवार बब्बू ने कहा कि केवल उनकी पार्टी किसानों के मुद्दों को हल कर सकती है, जबकि अन्य राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थों के लिए उनका ''इस्तेमाल करने वाले हैं। बब्बू ने कहा, ''हम किसानों के साथ हैं और मैं भी एक किसान हूं। उनके मुद्दों को बातचीत के जरिए हल किया जा सकता है।'' एक अन्य घटना में, भाजपा नेता खन्ना को बरनाला में किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा, जहां वह प्रचार करने गए थे।

## सलमान के घर फायरिंग.....आरोपियों ने बंदूक सूरत की तापी नदी में फेंकी , मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम सूरत पहुंची

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर पर 14 अप्रैल की सुबह फायरिंग से हड़कंप मचा था। घटना में शामिल दोनों हमलावरों को पुलिस ने पकड़ लिया है। मामले की जांच तेजी से जारी है। इस बीच फायरिंग केस में नया अपडेट सामने आया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने वारदात को अंजाम देने के बाद बंदूक सूरत की नदी में फेंकी थी। उस बंदूक की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच की टीम सूरत पहुंची है। आरोपियों ने पुलिस से तापी नदी में बंदूक फेंकने की बात कही है। इस केस में मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल को मुख्य आरोपी बनाया है। अनमोल को वांटेड सूची में शामिल किया है। जांच पड़ताल के दौरान बिश्नोई भाइयों के खिलाफ कुछ सबूत मिले हैं। सूत्र बताते हैं क्राइम ब्रांच अनमोल बिश्नोई (जो कि अमेरिका में रहता है) के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर सकती है। दूसरी ओर जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई की कस्टडी के लिए कोर्ट में आवेदन देगी। गिरफ्तार हुए आरोपी विक्की गुप्ता (24 साल) और सागर पाल (21 साल) ने सलमान के घर पर फायरिंग करने से पहले बिहार के चंपारण में हथियार चलाने की प्रैक्टिस की थी। दोनों को 13 अप्रैल की रात बंदूकें सप्लाई की गई थीं। अनमोल दोनों आरोपियों के साथ इंटरनेट कॉलिंग के जरिए संपर्क में था। उन्हें सलमान के घर फायरिंग के लिए पहले ही 1 लाख रुपये दिए जा चुके थे। सलमान ने फायरिंग की घटना के बाद बड़ा फैसला लिया। वे काम पर लौट आए हैं। उन्होंने अपने प्रोजेक्ट्स की किसी भी डेट को आगे खिसकाने से मना किया है।

## रैली में भिड़े राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता... भाजपा नेता ने दिया नया नाम झगड़ालू गठबंधन

पटना। बिहार बीजेपी नेता और पटना साहिब से चुनाव लड़ रहे रविशंकर प्रसाद ने कहा कि रांची में इंडिया ब्लॉक की रैली में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। भाजपा नेता ने दावा किया कि दोनों दलों के लोगों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी। इस घटना के बाद उन्होंने गठबंधन का नया नामकरण किया। रविशंकर प्रसाद ने इंडिया ब्लॉक को झगड़ालू गठबंधन बताया। प्रसाद ने कहा कि गठबंधन व्यक्तिगत लाभ के लिए बनाया गया है और इसके घटकों के बीच कोई एकता नहीं है। उन्होंने कहा कि रांची की रैली में राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर कुर्सियों से हमला किया... हम पहले से ही कह रहे थे कि यह व्यक्तिगत लाभ का गठबंधन है। झड़प हो रही हैं, और लोग घायल हो रहे हैं। उन्होंने नसीहत के अंदाज में कहा कि भ्रष्टाचार के कारण लोगों को जेल भेजा जा रहा है... देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक स्थिर सरकार चाहता है। इस बीच, बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि रैली भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए बुलाई गई थी। पूनावाला ने कहा कि भारतीय गठबंधन संविधान बचाने के लिए रांची में एकत्र हुआ था, लेकिन यह भ्रष्टाचार बचाने के लिए रैली थी। भारतीय गठबंधन के पास कोई विजन नहीं है।

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह की नक्सलियों को नसीहत

**–समर्पण करें अन्यथा दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे**



**जगदलुपर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक आमजन तक सुख-सुविधाएं नहीं पहुँच सकतीं हैं। उन्होंने आगे नक्सलवादियों को चेतावनी देते हुए कहा, कि नक्सलवादी यदि आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इसी बीच उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में बड़ा बदलाव हुआ है। इसी दौरान उन्होंने प्रमुख विपक्षी कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया, लेकिन वे राम के दरबार तक में नहीं आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना-देना, शायद उन्हें मालूम नहीं कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान कुर्बान कर सकता है। सभा को संबोधित कर रहे गृह मंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से आतंकवाद समाप्त कर दिया है, वैसे ही नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। आंकड़ों के मुताबिक पिछले चार माह में 90 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं और 250 ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि 02 साल के अंदर में ही छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की भी सलाह दी और साथ ही चेतावनी देते हुए कहा, कि अन्यथा वे लड़ाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा विश्वास दिलाया कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी भी प्रधानमंत्री मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, लेकिन कांग्रेस की सोच इससे अलग है।

## ममता सरकार को झटका, हाईकोर्ट ने रद्द की 24 हजार शिक्षकों की भर्ती

कोलकाता। ममता बनर्जी सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में झटका दिया है। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग द्वारा की शिक्षक भर्ती को रद्द कर 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया है और लगभग 24 हजार नौकरियां रद्द कर दीं। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपये की रिश्वत लेने तक की आरोप हैं। बता दें कि भर्ती घोटाले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कई टीएमसी पदाधिकारियों के साथ ही राज्य शिक्षा विभाग के कई अधिकारी जेल की हवार खा चुके हैं। कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद ईडी और सीबीआई दोनों इस कथित अनियमितताओं की जांच कर रही हैं। यह घोटाला 2014 का है। तब पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। यह भर्ती प्रक्रिया 2016 में शुरू हुई थी। उस समय पार्थ चटर्जी शिक्षा मंत्री थे। इस मामले में कई शिकायतें कोलकाता हाईकोर्ट में दाखिल की गई थीं। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन उम्मीदवारों को मेरिट लिस्ट में सबसे ऊपर स्थान दिया गया था। इनमें कुछ शिकायतें ऐसी भी थीं, जिनमें कहा गया था कि कुछ लोगों का मेरिट लिस्ट में नाम नहीं होने के बाद भी नौकरी दे दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने टीईटी परीक्षा भी पास नहीं की थी। जबकि शिक्षक भर्ती के लिए टीईटी की परीक्षा पास करना अनिवार्य है। इसी तरह से राज्य में 2016 में एसएससी द्वारा ग्रुप-डी की 13000 भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मालमे में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस मामले में पिछले साल 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी।

# पहले चरण के मतदान के बाद साफ हुआ ... इंडिया' गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद दावा किया कि देश भर में 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही है और अब भाजपा दक्षिण भारत में साफ और उत्तर भारत में 'हाफ (आधी) है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा भी किया कि पहले चरण के मतदान के बाद से भाजपा के नेता घबरा गए हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ट्वीट इसका संकेत है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर शुक्रवार को लगभग 63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

पहले चरण का मतदान समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और यह स्पष्ट है कि पूरे भारत में लोग रिकॉर्ड संख्या में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट दे रहे हैं। रमेश ने पोस्ट किया, भाजपा का ग्राफ-दक्षिण में साफ, उत्तर में हाफ। उन्होंने दावा किया, ''पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। जमीन की रिपोर्ट से साफ हो रहा है कि इंडिया गठबंधन भाजपा से कहीं आगे है। इंडिया गठबंधन ने तमिलनाडु और महाराष्ट्र में क्लीन स्वीप किया है। बिहार, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है।''

उनके मुताबिक, भाजपा के प्रत्याशियों ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि इस बार उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी, क्योंकि मोदी की कोई हवा नहीं है?। कांग्रेस नेता ने दावा किया, ''चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री अपने भाषणों और साक्षात्कारों में बिल्कुल निष्प्रभावी नज़र आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन पर उनके हमले थके हुए से लग रहे हैं और बेतुकेपन से भरे हैं। वह कुछ भी बोल रहे हैं।

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, गारंटी को लागू करने के मामले में हमारी राज्य सरकारों के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड हैं। इससे कांग्रेस की गारंटी देशभर में लोकप्रिय हो रही है और चर्चा का विषय बनी हुई हैं। देशभर में अंडर करंट मजबूत हो रहा है। अब एक लहर चल रही है।

## आप नेता का आरोप......ये मोदी वाशिंग पाउडर चुटकियों सारे भष्ट्राचार के दाग धो देता

नई दिल्ली । आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रांची में विपक्षी इंडिया ब्लॉक की रैली को संबोधित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर तीखा हमला किया। रैली को संबोधित कर आप नेता सिंह ने कहा, नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं। उन्होंने गलत आरोप लगाकर हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। जब वह भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं, तब ऐसा लगता है जैसे ओसामा बिन लादेन और गब्बर सिंह अहिंसा का उपदेश दे रहे हो। रैली आप सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा में शामिल होने के बाद विपक्षी नेताओं के खिलाफ मामलों को खारिज कर दिया गया। आप नेता सिंह ने कहा, 2014 के बाद एक मोदी वाशिंग पाउडर आया है, जो आपके सारे भ्रष्टाचार साफ कर देता है। यह मोदी वाशिंग पाउडर चुटकियों में सारे दाग मिटा देता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी कई नेता भाजपा में शामिल हो गए या एनडीए का हिस्सा बन गए।

## स्त्रोन्नत प्लस टू हाई स्कूल कुंदा की छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में लहराया परचम

**–प्रखंड टापर सहित द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर जमाया कब्जा।**

**–माडल विद्यालय कुंदा का भी रिजल्ट रहा शत प्रतिशत।**



**प्रतापपुर (चतरा) (एजेंसी)।** घोर नक्सलवाद प्रभावित तथा गोलियों के तड़तड़ाहट से गुंजने वाला कुंदा अब शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान बना रहा है। यहां के छात्र एवं छात्राएं तथा युवक एवं युवतियां सफलता के नये आयाम गढ़ रहे हैं। जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया। इस वर्ष छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन कर न केवल अपने विद्यालय तथा शिक्षकों का नाम रौशन किया है बल्कि माता पिता के साथ साथ अपने प्रखंड का भी नाम रौशन किया है। मुख्यालय स्थित स्त्रोन्नत प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा सुभा कुमारी पिता राजेश कुमार ने कुल (462) 92.40 प्रतिशत अंक लाकर पूरे प्रखंड में पहला स्थान प्राप्त की है। इसके अलावे इसी विद्यालय की छात्रा साक्षी सिन्हा पिता संजीव कुमार सिन्हा ने कुल (460) 92 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय प्रखंड टापर बनी तथा खुशी कुमारी पिता कृष्ण कुमार गुप्ता ने कुल 426( 85.20) प्रतिशत अंक लाकर तृतीय प्रखंड टापर बनी। सभी सफल छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, शिक्षकों एवं गुरुजनों का मार्गदर्शन तथा माता पिता के आशीर्वाद को दिया है।

### माडल विद्यालय कुंदा का भी रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

प्रखंड मुख्यालय के स्त्रोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम से संचालित माडल विद्यालय का मैट्रिक का रिजल्ट भी शत प्रतिशत रहा है। माडल विद्यालय से इस वर्ष 12 विद्यार्थियों ने मैट्रिक का परीक्षा दिया था जिसमें से 7 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी तथा 1 विद्यार्थी ने तृतीय श्रेणी से सफल हुआ है।

## अब भारतीय सेना हवाई खतरों को आसमान में ही करेगी खत्म


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन और पाकिस्तान की सीमा पर हवाई खतरों और हमलों को आसमान में ही खत्म करने के लिए भारतीय सेना ने नई तैयारी कर ली है। सेना ने 6800 करोड़ रुपए से दो हथियार प्रणाली को एक्वायर करने का फैसला किया है। सेना 500 से ज्यादा लॉन्चर्स के साथ दोनों सीमाओं पर 3000 हजार से ज्यादा मिसाइलों को तैनात करेगी।

पहली मिसाइल कंधे से दागी जाने वाली मैन पोर्टेबल लेगला-एस मिसाइल. इसे रूस के साथ समझौते के तहत लाइसेंस लेकर भारत में ही बनाया जाता है। दूसरी मिसाइल है वेसहोरड। यह स्वदेशी मिसाइल सिस्टम है। दोनों ही कम रेंज के लिए उपयुक्त हथियार प्रणाली है। इन मिसाइलों से दुश्मन के ड्रोन, हेलिकॉप्टर, फाइटर जेट्स, मिसाइलों को ढेर किया जा सकता है।

इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन 10.8 किलोग्राम है। जबकि पूरे सिस्टम का वजन 18 किलोग्राम सिस्टम की लंबाई 5.16 फीट होती है। व्यास 72 मिलिमीटर. इस मिसाइल की नोक पर 1.17 किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाते हैं। लेगला-एस की रेंज 5 से 6 किलोमीटर है। अधिकतम 11 हजार फीट तक जा सकती है। यह मिसाइल 2266 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से टारगेट की तरफ बढ़ती है. यानी दुश्मन को बचने का मौका कम ही मिलता है। नई इग्ला-एस हैंड-हेल्ड एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल भारतीय सेना में शामिल पुरानी इग्ला मिसाइल को बदलेगी।

वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम को चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया जाना है. इसके कई सफल परीक्षण हो चुके हैं। वेसहोरडएयर डिफेंस सिस्टम रूस के एस-400 जैसा है। अभी तक इसे जमीन पर रखे मैन पोर्टेबल लॉन्चर से दागा जाता था। अब इस लॉन्चर को ट्रक, बख्तरबंद वाहन, टैंक आदि पर भी लगा सकते हैं।

# 15 मई से पहले केजरीवाल के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है ईडी !




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईडी 15 मई से पहले सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है, जिसमें आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक ईडी यदि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाती है तो यह पहली बार होगा जब किसी राजनीतिक दल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। इससे आप के लिए बड़े संकट की शुरुआत हो सकती है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि चार्जशीट को ड्राफ्ट किए जाने का काम फाइनल होने वाला है। यह भी बताया गया है कि पुराने चार्जशीट्स में आरोपी लगाए गए लोगों के अलावा इस बार 4-5 और नए नाम हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल और के कविता के अलावा सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गोवा के राजनीतिक कार्यकर्ता चनप्रीत सिंह का भी नाम हो सकता है। सिंह को 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि वह गोवा विधानसभा चुनाव में उन्होंने आप की फंडिंग का प्रबंधन किया था। ईडी का दावा है कि घोटाले की रकम का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया गया।

ईडी का कहना है कि इसके दायरे में राजनीतिक दल समेत कोई भी संगठन आ सकता है। जानकारों का मानना है कि यदि आप को आरोपी बनाया जाता है तो यह पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा संकट होगा। इससे पार्टी के बैंक अकाउंट से लेकर अन्य संपत्ति को सीज किया जा सकता है। कुछ जानकार तो यह भी कहते हैं कि ऐसा करना केजरीवाल की गिरफ्तारी से भी झटका होगा। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घाटोले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाला लेनदेन में शामिल कुछ और लोगों नाम भी चार्जशीट में सामने आ सकते हैं। ईडी अधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक दल को आरोपी बनाना अभूतपूर्व है, लेकिन उन्होंने इसके लिए कानूनी सलाह ली है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने भी संकेत दिए थे कि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया जा सकता है।

अदालतों में अलग-अलग आवेदनों की सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने बताया है कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ पीएमएलए की धारा 70 के तहत कार्रवाई हो सकती है। इसका इस्तेमाल किसी कंपनी के खिलाफ किया जाता है।

# तारीख पर तारीख...लेकिन गाजीपुर लैंडफिल साइट आज भी प्रदूषण की निशानी बनी हुई



**अमेठी (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। गाजीपुर लैंडफिल दुनियाभर में जाना-पहचाना जाता है। आए दिन लैंडफिल को खत्म करने की मांग जोर पकड़ती रहती है, लेकिन इस बार ये तब चर्चा में आया जब इस पर भयंकर आग लग गई। इससे पूरा इलाका जहरीली गैस और धुएं से भर गया है। 70 एकड़ में फैली गाजीपुर लैंडफिल साइट की शुरुआत साल 1984 में शुरू हुई थी। इसकी ऊंचाई कुतुब मीनार के बराबर करीब 65 मीटर हो चुकी थी। हालांकि, अब ये घटकर 50 मीटर ऊंची है। पहले यहां करीब 140 लाख टन कचरा पड़ा हुआ था। साल 2024 में इस लैंडफिल को खत्म करने का लक्ष्य था, लेकिन अब साल 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

साल 2019 में गाजीपुर लैंडफिल साइट पर जमे कूड़े को हटाने का काम शुरू हुआ था, तब वहां 140 मैट्रिक टन कूड़ा मौजूद था। उसके बाद एलजी की निगरानी में तय हुआ था कि साल 2024 तक लैंडफिल साइट को खत्म करके यहां पार्क विकसित किया जाएगा पर अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। दिल्ली नगर निगम के आंकड़े के मुताबिक, 5 साल में 25 ट्रामेल मशीन की मदद से करीब 46 मैट्रिक टन कूड़े का ही निपटारा हो पाया है। इसकारण कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई कम हुई है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुई है और अभी तक इस पर 84 मैट्रिक टन कूड़ा बचा है।

अभी तक कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के लिए 1 ही एजेंसी काम कर रही है, क्योंकि दूसरी एजेंसी के चयन की प्रक्रिया के लिए अब तक टेंडर नहीं आया है और इसका कारण है निगम की सबसे पावरफुल कमिटी स्टैंडिंग का गठन ही नहीं हो पाना क्योंकि दिल्ली नगर निगम एक्ट के मुताबिक, कोई भी टेंडर सबसे पहले स्टैंडिंग कमिटी से अप्रूवल के बाद ही लाया जाता है। इसकारण गाजीपुर कूड़े के पहाड़ पर कचरा निस्तारण का काम 1 ही एजेंसी कर रही है। काम की गति धीमी होने के कारण कचरे के पहाड़ को पूरी तरह से खत्म करने की समय सीमा बढ़ाकर साल 2026 करनी पड़ी है।

## भाजपा एक पार्टी नहीं, एक पंथ बन गई जिसमें मोदी को पूजा जा रहा : चिदंबरम

तिरुवनंतपुरम । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.चिदंबरम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर निशाना साधकर कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। कांग्रेस नेता चिदंबरम ने केंद्र पर निशाना साधकर कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र को बहाल'' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा कि भले ही कांग्रेस के घोषणापत्र में विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर सीएए को निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने यह उम्मीद भी जाहिर कि'इंडिया गठबंधन तमिलनाडु की सभी 39 सीट और पुडुचेरी की एक सीट पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने अपने घोषणपत्र को मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।'' चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है, जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, ''भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो चुकी है, इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तब वे संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।''

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**बरकट्ठा** – थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गंगटियाही मोड़ के निकट मुखिया लाइन होटल के पास एक बाइक सवार ने खड़े ट्रक में टक्कर मारने से उसकी मौत मौके पर ही हो गई। हादसा सोमवार के सुबह करीब 9=30 बजे की बताई जाती है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह बगोदर की ओर जा रही बाइक डब्ल्यूबी 40 ए एक्स 8065 ने खड़ी ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसके सिर में चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त रणविजय शाह (45) पिता उमाशंकर शाह औरंगाबाद निवासी के रुप में हुई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई है। पुलिस के मुताबिक मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजन के आने पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## पुष्पा इम्पॉसिबल में दिखेगी प्रार्थना और पुष्पा की बहस

**हज़ारीबाग़** – झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग बापोद्रा से बदला लेने की साज़िश रच रहे हैं, शो में हालिया एपिसोड्स, दर्शकों को तनावपूर्ण पल देखने को मिले, जहाँ पुष्पा ने चॉल में पाक्या को बापोद्रा को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए बीचबचाव किया। आगामी एपिसोड्स में, दर्शक घटनाक्रमों में धमाकेदार ट्विस्ट देखेंगे, क्योंकि पाक्या की झुग्गी गिरा दी जाती है, और वह झुग्गी के अपने दोस्तों के साथ, बापोद्रा पर हमला करता है। उसकी ही पार्टी ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था, जिस कारण से पाक्या बापोद्रा को ही इसका दोषी मानता है। वे अंतत= बापोद्रा को बुरी तरह पीटते हैं, जिससे उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, जहाँ उसकी स्थिति गंभीर है। इस उथल-पुथल के बीच, पुष्पा पाक्या को यह कहकर शांत करने की कोशिश करती है कि वह बापोद्रा के प्रति उसकी नाराज़गी को समझती है, और उससे बापोद्रा को चोट न पहुँचाने का वादा करती है।

## मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा महावीर जयंती में पानी एवं जूस का किया वितरण




**हजारीबाग** – भगवान महावीर के 2550 में जन्म कल्याणक निर्वाण महोत्सव रविवार को हजारीबाग में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। सुबह के 5 बजे से प्रभात फेरी भी निकल गई। पूरे शहर में भगवान महावीर के संदेश का जयकारा लगाया गया। इस शुभ अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच (हज़ारीबाग़ शाखा) ने भगवान महावीर जयंती के सुअवसर पर निकली शोभायात्रा के सदस्यों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया, साथ मे सभी को पानी एवं जूस पिला कर आशीर्वाद प्राप्त किया 7 मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा विभिन्न चौक चौराहों पर स्टॉल लगाया गया, मंच के सदस्यों द्वारा शामिल महावीर जयंती पूरे उत्साह के साथ संपन्न किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सी ए विनीत अग्रवाल ने बताया की मारवाड़ी युवा मंच सभी कार्यकर्म मे बढ़ चढ़कर सहयोग करता है, हमारे लिए सभी वर्ग एक रूपी है 7 सभी पर्व हमारी पूरी सदस्य आगे बढ़कर कार्य करती है 7 आगे भी निरंतन कार्य करती रहेगी 7 कार्यकर्म मे कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन, धीरज जैन, दीपक खंडेलवाल उर्फ मोनू,सौरव गोयल ,अमन चौधरी बादल गोयल,अमित अग्रवाल,आदित्य अग्रवाल,आयुष अग्रवाल,रितेश खण्डेलवाल,बिनीत जैन,शुभम् अग्रवाल,नितिन अग्रवाल,विनीत मुनका,राहुल अग्रवाल,रोहन जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## अन्नदा महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण




**हज़ारीबाग़** – अन्नदा महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान, सेमेस्टर छ= के विद्यार्थियों ने 22 अप्रैल 2024 को लाह अनुसंधान इंस्टीट्यूट, नामकुम रांची का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लाह उत्पादन एवं लाह होस्ट प्लांट के बारे में अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने बहुत सारे रिसर्च लैब का भ्रमण किया और लाह के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की।इसके अलावा रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डा0 अभिजीत कर एवं इस क्षेत्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों पी पटमांझी एवं नाजीरा ने लाह उत्पादन और इसकी उपयोगिता के बारे में व्याख्यान दिया। अन्नदा महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा= जे पी सान्याल ने इस शैक्षणिक भ्रमण का संचालन किया। विभाग के अन्य शिक्षक प्रोफेसर आकाश गोराई की भी अहम भूमिका रही। विभाग के करीब 40 विद्यार्थियों ने इसमें हिस्सा लिया एवं प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए।

# कोशिश के मंच पर सजी सुरीली शाम, फनकारों ने बिखेरी सतरंगी छटा

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आठ शख्सियत हुए सम्मानित




**हजारीबाग** – कोशिश के मंच पर रविवार को सुरीली शाम सजी। इसमें स्थानीय से लेकर देश के नामी फनकारों ने सतरंगी छटा बिखेरी। भावी लोकसभा चुनाव को लेकर युवा मतदाताओं ने अपने-अपने विचार रखे और हर हाल में मतदान लेने का संकल्प भी लिया। झील परिसर स्थित एम्फी थियेटर में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में महारत हासिल हस्तियों का जुटान हुआ। साथ ही विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आठ शख्सियत को सम्मानित भी किया जाएगा। पूरा कार्यक्रम एचबी लाइव के प्लेटफॉर्म पर हुआ।

सम्मान, सहयोग, मंच ...की भावना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ बांसुरी वादक शुभी तन्वी के वादन और दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। स्थानीय कलाकर पुष्कर पुष्प और विशेष चंद्रनमन के काव्य पाठ के जरिए मतदाता जागरुकता अभियान का आधार रखा। इस बीच संतूर वादन से मूर्धण्य कलाकार दिव्यांश हर्षित श्रीवास्तव ने श्रोताओं का मन मोह लिया। उभरते बांसुरी वादक राग यमन की स्वरलहरियों ने कानों में मिश्री घोल दी और तबला पर कृष्ण कुमार उपाध्याय ने भी खूब संगत दी। ट्वीन कोर्ड बैंड के शैलेश और सोनल ने सूफी फ्यूजन से शमा बांध दिया। इस मौके पर मंच संचालन प्रख्यात उद्घोषक संजय तिवारी ने किया। वहीं विषय प्रवेश और धन्यवाद ज्ञापन एचबी लाइव के संचालक सह वरिष्ठ पत्रकार विस्मय अलंकार ने किया। कार्यक्रम में प्रख्यात कलाकार और विभावि में कार्यरत डॉ मुकेश राम प्रजापति,विवेक आनंद प्रमोद कुमार, धनंजय, चंदन, प्रणय ,नेहरू समेत एचबी लाइव से जुड़े सभी लोगों ने सहयोग किया।

**अतिथियों ने कार्यक्रम को दी उच्च कोटि और सर्वोत्कृष्ट की संज्ञा :** कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता संतोष सिंह, विशिष्ट अतिथि आईसेक्ट विश्विद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीश गोविंद भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता व भैया अभिमन्यु प्रसाद, शिक्षाविद् एआईपीएस के डायरेक्टर संजय कुमार, विनोबाभावे विश्वविद्यालय के पीआरओ सह राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा,एन एसएस कोर्डिनेटर डॉ जॉनी रूफिना तिर्की, अर्थशास्त्र विभाग से सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ सजल मुखर्जी ,पूर्व उप महापौर आनंद देव,हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष,तापस चक्रवर्ती आदि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए उच्च कोटि और सर्वोत्कृष्ट की संज्ञा दी।

**इन विभूतियों को किया गया सम्मानित :** खेल के क्षेत्र में कन्हैया गोप, साहित्य में विजय संदेश, चित्रकला में राम टहल राणा, समाज सेवा में निर्मल जैन पर्यावरण में मृत्युंजय शर्मा (मरणोपरांत), पत्रकारिता में रांची एक्सप्रेस हिन्दी दैनिक अखबार के वरिष्ठ फोटोजर्नलिस्ट अर्जुन सोनी, संगीत में ईए मैसी, नाट्य में मनोज कुमार सेन के अलावा पुलिस विभाग के अरविंद सिंह, ओमप्रकाश सिंह और रणजीत कुमार को सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल ने चलाया जन सम्पर्क अभियान



**विष्णुगढ़** – हजारीबाग लोकसभा के इंडी अलायंस के प्रत्याशी विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने सोमवार को अपने गृह प्रखंड का दौरा कर मतदाताओं से वोट मांगे। जनसम्पर्क की शुरूआत उन्होंने अपने पैतृक गांव चानो से की। चानो में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल का फूलमाला पहनाकर स्थानीय ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने तेतरिया मोड, चानो, मंडइटांड़, झापाटांड़, नया बांध, महुआटांड़, फाराचांच, बोरा टोला, सारुकुदर, चीहुटिया आदि गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान श्री पटेल ने ग्रामीण मतदाताओं से जीत का आशीर्वाद मांगा। कहा कि आपका एक एक वोट हमारी जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा।इसके लिए जरूरी है कि आप घरों से निकलकर मेरे पक्ष में मतदान करें। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष टेकोचंद महतो, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, चानो पंचायत समिति सदस्य खिरिया देवी, सारुकुदर पंचायत समिति सदस्य महेश महतो, मुखिया उत्तम महतो, परमेश्वर महतो, हेमलाल महतो,अनिल राय बालेश्वर महतो, राहुल कुमार, शेख कल्लू, फिरोज अंसारी, अनिल पटेल, डॉक्टर इम्तियाज अहमद, कैला राय समेत कई लोग शामिल थे।

## प्रचंड गर्मी का असर, लू लगने से एक की गई जान

**विष्णुगढ़** – प्रचंड गर्मी जानलेवा साबित हो रही है।चढ़ते पारे से लोग परेशान हैं। यहां का तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। सड़कें सूनी हैं और बाजारों में कर्फ्यू जैसा दृश्य है। जरूरी काम निबटाने के लिए घर से निकलने वाले इसकी चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहे हैं। प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर के उमेश महतो(50) की भीषण गर्मी ने जान ले ली। घटना रविवार की है। तपती दोपहरिया में उमेश अपनी पत्नी को लेकर बाइक से शादी समारोह में शामिल होने के लिए सीधाबारा (गोमिया) जा रहे थे। गोविंदपुर के मंगरो पुल के पास उन्होंने अपनी पत्नी को बताया कि उन्हें चक्कर आ रहा और उनके हांथ पैर में खिंचाव है। इसके बाद वहीं बाइक खड़ी कर सुस्ताने लगे। कुछ देर बाद उनकी आंखें बंद हो गई। पत्नी ने उठाने की कोशिश की, मगर उठ नहीं पाए। उनके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। पत्नी निशब्द थी। राहगीरों ने भी देखा कि उमेश का शरीर ठंढा पड़ चुका था। सूचना पर पहुंचे परिजन उमेश को डॉक्टर के पास ले गए। जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा दो बेटे कामेश्वर कुमार (22), जीतू कुमार (17) और बेटी मनीषा कुमारी (12) को छोड़ गया है।

## दृष्टि आई हॉस्पिटल,द्वारा लगाए गए निशुल्क आंख जांच शिविर में उमड़ी भीड़

**चौपारण** – प्रखण्ड के अफरोज चैरिटेबल द्वारा संचालित दृष्टि आई हॉस्पिटल ,ताजपुर के द्वारा सोमवार को भद्रकाली कॉलेज ,इटखोरी में निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क आंख जांच शिविर में कॉलेज के सैकड़ो छात्र छात्राओं के अलावा प्रखण्ड के कई लोगों ने लुफ्त उठाया। इस संबंध में दृष्टि आई हॉस्पिटल के डायरेक्टर मो इमरान ने बताया की निशुल्क जांच शिविर के तहत भद्राकाली कॉलेज में 100 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं 50 से अधिक प्रखंड के कई लोगों ने अपने आंखों का जांच करवाया। जिसमें जरूरतमंदों के बीच निशुल्क आई ड्रॉप और दवा का भी वितरण किया गया। वहीं लगभग 10 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन व 10 से अधिक लोगों को आंख में सम्बंधित पावर का चश्मा लगाने की भी सलाह दी गई है।

## म.वि.सेलहारा में वर्ग आठ के विद्यार्थियों को दी गई भावविनी विदाई



**चौपारण** – प्रखण्ड के मध्य विद्यालय सेलहारा में विद्यालय परिवार द्वारा वर्ग अष्टम के 71 विद्यार्थियों को शैक्षिक सत्र के समापन पर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में सर्वप्रथम वर्ग 8 के बच्चों को निचली कक्षाओं के बच्चों द्वारा पुष्पवर्षा कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि -सह- विद्यालय के ब्रांड एंबेसडर कैलाश पासवान ने कहा कि मध्य विद्यालय सेलहारा में जो संस्कारयुक्त शिक्षा आप सभी बच्चों को दी गई है उससे अपना भविष्य बनाने में सहयोग मिलेगा। उपमुखिया प्रवीण सिंह ने बच्चों का कहा कि आप जहां भी जाएं वहां शिक्षा प्राप्त कर देश का एक अच्छा नागरिक बनें द्य शिक्षक- सह- परिवर्तन दल सदस्य जनार्दन प्रसाद वर्मा ने बच्चों को भविष्य में अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए शुभकामना दिया। प्र.अ. रामखेलावन रविदास ने कहा कि इन बच्चों का विद्यालय में काफी योगदान रहता था,इनकी कमी खलेगी। वरीय शिक्षक जन्मेजय सिंह ने बच्चों को अच्छा नागरिक बन कर अपना एवं परिवार का नाम रौशन करने को कहा। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने गीत,संगीत, नृत्य एवं नाटक द्वारा अपनी भावनाओं को बिखेरते हुए कला का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने बच्चों को शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय से निकल रहे वर्ग आठ के बच्चों को विद्यालय परिवार द्वारा उपहार भी प्रदान किए गए। साथ ही विद्यालय के सभी बच्चों के लिए विशेष व्यंजन की व्यवस्था की गई थी, जिसका लुत्फ सभी ने मिलकर उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक -सह-परिवर्तन दल सदस्य जनार्दन प्रसाद वर्मा, प्र.अ.रामखेलावन रविदास, जन्मेजय सिंह, बिजय कुमार, विजय प्रसाद,रामचंद्र साहु, राजेंद्र रविदास,राकेश सिंह, डैजी कुमारी,सिंह रंगीना कुमारी व बाल- संसद के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## डेंटल कॉलेज एवं मिशन होस्पिटल द्वारा मांडू में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित




**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा मांडू प्रखण्ड के राधा नगर स्थित मोती कृष्णा स्कूल में दिन सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डेंटल कॉलेज द्वारा जरूरतमंदों का निशुल्क दांत का जांच एवं मिशन होस्पिटल द्वारा जरूरतमंदों का निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य का जांच हुआ। जिसमें कुल 55 जरूरतमंदों का मुफ्त जांच हुई। चिकित्सकों ने जरूरतमंदों का उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया। निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश एवं टूथ पेस्ट वितरण भी किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधि-व्यवस्था में अपना सरहानीय योगदान दिया। वहीं मिशन होस्पिटल द्वारा निशुल्क ओपीडी परामर्श में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, आरबीएस एवं ईसीजी का जांच मुफ्त हुआ। जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया गया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह डेंटल कॉलेज सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है। बुनियादी उपचार जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ सौम्या राज एवं डॉ मेधा कृष्णन ने दांतों से संबंधित कई बिमारियों से बचने का आवश्यक सलाह दी। मौके पर प्रशिक्षु डॉ बिदिशा, डॉ फरज़ीन, डॉ समीर, डॉ रानीशा, डॉ मनीषा, डॉ आयुषी एवं जनसंपर्क अधिकारी राजकुमार दास ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

## एनडीए उम्मीदवार ने पिछले 50 दिनों में करीब 500 गांवों में किया तुफानी जनसंपर्क




**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल का टिकट कन्फर्म होने के तुरंत बाद से पिछले करीब 50 दिनों से अनवरत बिना रुके, बिना थके, आंधी- तूफान, बारिश और 42- 44 डिग्री तापमान गर्मी में अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक जनता के बीच बने रहते हैं। शुरुआती दौर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा हजारीबाग सदर, बड़कागांव, मांडू, बरही और रामगढ़ के कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा, चतरा जिला अंतर्गत पिपरवार, रामगढ़ जिले के अंतिम और सुदूरवर्ती पश्चिमी बंगाल राज्य के पुरुलिया जिले के सिमाना क्षेत्र से सटे बरलंगा से लेकर हजारीबाग जिले के अंतिम छोर बिहार राज्य के गया जिले के सिमाना क्षेत्र से सटे चोरदाहा चेकपोस्ट तक पहुंच बनाते हुए क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें अपना प्रणाम प्रेषित किए। तत्पश्चात हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी 34 भाजपा मंडलों के भाजपा कार्यकर्ताओं संग परिचयात्मक बैठक के समन्वय स्थापित कर उनसे चुनाव अभियान में अपने तरीके से मैदान में उतरते और प्रचार प्रसार में सहयोग करने का अपील किया। जिसके बाद एनडीए गठबंधन में शामिल क्षेत्र के आजसू सहित अन्य दलों के कार्यकर्ताओं से संपर्क साधकर उनतक अपनी पहुंच बनाई। तत्पश्चात सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के गांवों तक पहुंचने का निर्णय लिया और पिछले करीब 21 दिनों से लगातार एक दिन- एक भाजपा मंडल क्षेत्र के दौरे को पूर्ण किया। सुबह से देर शाम तक प्रतिदिन एक भाजपा मंडल क्षेत्र के तूफानी दौरे के क्रम में प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायत के डेढ़ दर्जन गांवों में अपना चुनावी जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम चलाया। वे प्रतिदिन करीब अपनी गाड़ी से 250 किमी से अधिक चलते हुए पिछले 21 दिनों में करीब 5 हज़ार किमी और अबतक करीब 10 हज़ार किमी से अधिक चले। मनीष जायसवाल क्षेत्र दौरे के क्रम में हर मौसम और झंझावतों को झेलते हुए करीब 10-12 किमी पैदल यात्रा कर रहें हैं यानी अबतक करीब 2200 किमी पैदल यात्रा कर चुके हैं। पिछले 50 दिनों से करीब 250 से अधिक पंचायतों के करीब 500 से अधिक गांवों के मतदाता तक पहुंचकर भाजपा और अपने पक्ष में वोट मांगने से क्षेत्र में जनता के बीच मनीष जायसवाल को लेकर एक अलग माहौल स्थापित हुआ है। क्षेत्र की जनता कड़ी धूप और प्रचंड गर्मी के बावजूद सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के अथक मेहनत और परिश्रम को देखते हुए उन्हें खूब प्यार, स्नेह, आशिर्वाद और पूर्ण समर्थन का भरोसा जता रही है। निर्धारित चुनावी जनसंपर्क अभियान के उपरांत सुबह घर से निकलने से पूर्व क्षेत्र से आए लोगों से संवाद करते हैं और देर रात्रि तक क्षेत्र में आयोजित धार्मिक और व्यक्तिगत आयोजनों में शरीक होते हैं।

## सेवा सहयोग समिति के द्वारा जैन समुदाय के भव्य जुलूस का किया गया स्वागत



**हजारीबाग** – जैन समुदाय के द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ रविवार को शहर में महावीर जयंती के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा निकाली गई,जिसमें समाज के कई लोग मौजूद थे बुढ़वा महादेव के समीप सेवा सहयोग समिति के द्वारा भव्य शोभा यात्रा का स्वागत किया गया स्वागत में पेयजल एवं जूस का वितरण किया गया हर सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सेवा सहयोग समिति अपनी उपस्थिति भरपूर सुनिश्चित कर रही है। मौके पर सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा की सेवा ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है और इसी के दृष्टिकोण से सेवा सहयोग समिति अपना कार्य कर रही है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल्द ही शहर में प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी जिससे रिक्शा चालकों, राहगीरों को सुविधा मिल सके।

# सरयू राय पहुँचे चिटाही, विधायक ढुलू द्वारा प्रताड़ित परिवारों से मिलकर हाल चाल जाना





**कतरास-*** जब से भाजपा ने ढुलू महतो को धनबाद संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है तब से विपक्ष के साथ साथ पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर पूर्वी के निवर्तमान विधायक सरयू राय ढुलु महतो पर आक्रमक रूप से हमलावर है. पहले बाघमारा विधायक पुत्र के नाम से करोड़ों की जमीन होने का चिट्ठा खोला. उसके बाद ढुलु महतो पर गरीब और कमजोर लोगों की कई एकड़ जमीने हड़पने का दावा किया. इसी दावे को मजबूती देने के उद्देश्य से सोमवार को सरयू राय पहले बाघमारा के मुराईडीह और फिर ढुलु महतो के गाँव चिटाही पहुँचे. स्थानीय रैयतों से उसका हाल चाल जाना. लेढ़ीडुमर निवासी आशु सिंह ने सरयू राय को बताया कि लेढ़ीडुमर में सैकड़ों रैयतों के कुल 40 एकड़ जमीन पर विधायक ने कब्जा कर रखा है जिसमे से 3 एकड़ जमीन उनका( आशु सिंह) है. उक्त जमीन में मनरेगा के तहत तालाब भी बना हुआ था। जिसको भर दिया गया. पूर्वजों के द्वारा स्थापित बजरंग बली का मन्दिर भी कब्जा कर लिया गया है जिसमे मकर संक्रांति के दिन मेला लगा करता था. कहा कि जमीन कब्जा करने की शिकायत धनबाद डीसी, एसएसपी सहित कई अधिकारियों व संबंधित विभागों को किया गया है. वहीं चिटाही बस्ती के रहने वाले अशोक महतो, सुरेश महतो, कुंती देवी, उषा कुमारी व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि चिटाहीधाम में स्थित रामराज मन्दिर में उनलोगों का कई डिसमिल रैयती जमीन गया है. उसके बावजूद भी मंदिर के बाहर की रैयती जमीन को स्थानीय विधायक ढुलु महतो के द्वारा हड़पने का कोशिश किया जा रहा है. विधायक व उसके लोगों के द्वारा मंदिर के नाम जमीन दान करने का दबाव बनाया जा रहा है. ऐसा नही करने पर हमलोगों का बिजली पानी काटा जाता है. मन्दिर के सामने लगी दुकान को तिरपाल लगाकर घेर दिया गया है ताकि ग्राहक दुकान नही पहुँचे सके. सुरेश महतो ने बताया कि पहले कई बार मारपीट भी किया गया है. मारपीट में उसका हाथ व पैर भी टूट गया है. अशोक महतो ने सरयू राय के समक्ष बाघमारा सीओ रविभूषण प्रसाद के द्वारा बार बार नोटिस भेजने को लेकर उनकी कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया. वही सरयू राय ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया कि ग्रामीणों ने अपने हक और अधिकार के लिए दबंग विधायक ढुलू महतो के खिलाफ जिस प्रकार मजबूती से सामना किया है और आज भी डट कर अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रहे है, वह प्रशंसनीय है. उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए उनसे जो बन पड़ेगा वह करेंगे. उन्होंने पीड़ित परिवारों से मामले से संबंधित दस्तावेज मांगा. मौके पर बियाडा के पूर्व चैयरमेन बिजय झा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम मंडल, जनतंत्र मोर्चा के उदय कुमार सिंह, बिनय सिंह, स्थानीय मुखिया बिनोद नापित, बलराम महतो, अशोक महतो, सुरेश महतो, किरण महतो, बबलू पाण्डेय, कुंती देवी, उषा कुमारी आदि उपस्थित थे.

## मैट्रिक प्रखंड टॉपर आकाश प्रमाणिक को किया गया सम्मानित



**बलियापुर -**बलियापुर प्रखंड के पलानी गांव के छात्र आकाश प्रमाणिक ने इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में पूरे प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आकाश ने प्रारंभिक शिक्षा सन पब्लिक स्कूल पलानी तथा दशम बाघमारा उच्च विद्यालय से किया है। आकाश के इस उपलब्धि पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने आज उनके आवास पर जाकर उन्हें अंग वस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत से किया गया कार्य हमेशा सफल होती है तथा शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने और परिवार के सपनों को पूरा कर सकते हैं। साथ ही उन्होनें छात्र आकाश बधाई, शुभकामना तथा आशीर्वाद दिया। मौके पर उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया शांति देवी, पंसस लक्ष्मी नारायण महतो, पंसस दिवाकर महतो, पंसस निर्मला देवी, शिक्षक स्वपन कुमार महतो, धीरेन प्रमाणिक, आरती देवी, दिलीप कुमार महतो, विश्वजीत महतो, धर्मदेव तुरी आदि मौजूद थे।

## जदयू ने ढुल्लू महतो को लोस जिताने का लिया संकल्प



**धनबाद-**जदयू के राष्टीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वान पर लोकसभा चुनाव 2024 में धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीतने का संकल्प लिया गया। यह निर्णय सोमवार को हीरक रोड स्थित द रीत होटल में एक बैठक में ली गई। बैठक के पश्चात संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह ने सभी से आह्वान किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए घटक भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ढुल्लू महतो को हर हाल में जितना है. उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय कमेटी ने यह निर्णय लिया है की धनबाद लोकसभा सीट से ढुल्लू महतो को हर हाल में जितना है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हबीब खान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह कुशवाहा, प्रदेश सचिव राजू सिंह, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, वरिष्ठ नेता सकलदेव राय, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष शिवचरण महतो, स्मृति कांत सिंह, अशोक सिंह, विजय सिंह तथा जिला महासचिव जयपुर सिंह आदि शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में मनाया गया महावीर जयंती

**धनबाद /** सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में महावीर जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा एवं वरिष्ठ आचार्य राजेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया । इस अवसर पर भैया हर्ष, अभिराज, कृष्णा, श्रेयांश, दिव्यांश, ओंकारनाथ एवं बहन साक्षी, रानी, पूर्णिमा , पलक एवं आकांक्षा ने दर्शकों को बांधे रखा । अपने उद्बोधन में प्राचार्य राकेश सिन्हा ने कहा कि हमें वर्धमान महावीर से जीवन जीने की कल को सीखना चाहिए। उनके बताए मार्ग पर निरंतर चलना चाहिए। मंच संचालन सुप्रिया तिवारी एवं अनीक सिंह के द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कुमार सिंह, मुरारी दयाल, धर्मेंद्र तिवारी, पंकज गुप्ता, सुधीर कुमार दास ,राजीव कुमार सिंह ,जितेंद्र कुमार दुबे ,श्रीमती नमिता कुमारी का अहम योगदान रहा।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में शिशु वाटिका का संपन्न हुआ अभिभावक गोष्ठी

सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में एक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्षा पूनम कुमारी एवं प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया । इस गोष्ठी में कुल 54 अभिभावक बंधु भगिनी उपस्थित हुए एवं उनके द्वारा बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किया गया। प्रस्तावना शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती अनीता कुमारी के द्वारा रखा गया। गोष्ठी की उपादेयता पर चर्चा करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य उत्तम कुमार गयाली ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों पर प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटा समय अवश्य देना चाहिए। प्रधानाचार्य श्री राकेश सिन्हा ने कहा कि ऐसे गोष्ठी के माध्यम से ही भैया बहनों का सर्वांगीण विकास संभव हो सकता है। गोष्ठी में आए बातों को अक्षरश-पालन करने के बाद कही गई । संचालन आचार्य महेंद्र पांडे के द्वारा किया गया। इस गोष्ठी में उषा साव, नमिता कुमारी, पीयूष बेरा, मनोज वर्मा एवं धर्मेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

## बोकारो जनरल हॉस्पिटल में परिवार कल्याण दिवस का आयोजन



**बोकारो** जनरल हॉस्पिटल के स्त्री रोग और प्रसूति विभाग के परिसर में परिवार कल्याण दिवस का आयोजन डॉ वर्षा घनेकर के मार्ग दशन में किया गया. डॉ वर्षा घनेकर ने कहा कि प्रत्येक माह के 21 तारीख को परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया जायेगा जिससे कि अधिकाधिक लोग इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें. कार्यक्रम में डॉ जया अग्रवाल परिवार नियोजन प्रभारी बी जी एच के द्वारा परिवार नियोजन के सभी संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी. कार्यक्रम का सञ्चालन स्त्री रोग और प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अनिमा केरकेट्टा के द्वारा किया गया. उन्होंने यह सन्देश भी दिया कि स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए प्रत्येक परिवार में परिवार नियोजन आवश्यक है क्योंकि सीमित परिवार में महिलाएं और बच्चों का लालन -पालन करना आसान होता है और पूरा परिवार खुशहाल रहता है.

## 18 वर्ष पूरा करने वाले युवक - युवती व छूटे हुए आम जन मतदाता सूची में दर्ज कराएं अपना नाम : उपायुक्त

**बोकारो।** अगर आपकी उम्र 18 वर्ष है और आपका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है,तो आपके पास एक और मौका है मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का। भारत निर्वाचन आयोग एवं मंत्रिमंडल निर्वाचन रांची के निर्देशानुसार एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष पूरा करने वाले युवक ङ्क युवती व छूटे हुए आम जन अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दर्ज करा सकते हैं। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने का यह आखिरी मौका है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र *गिरिडीह एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र में नामांकन की आखिरी तिथि 06 मई 2024 एवं फॉर्म 6 प्राप्त करने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2024 है। यानि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर मात्र 04 दिन शेष है।आम जन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। ऑफलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अपने नजदीकी मतदान केंद्र के *बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर फॉर्म-6 भर सकते हैं। वहीं, ऑनलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आम जन को उन्हें अपने स्मार्ट मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करना होगा या इंटरनेट ब्राउजर पर VSP PORTAL (वोटर सर्विस पोर्टल) https://voters.eci.gov.in पर जाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की कार्रवाई करनी होगी।

इसके अलावा विभिन्न सरकारी/निजी कार्यालयों में गठित वोटर एवरनेश फोरम एवं आरडब्ल्यूडी के सचीव को फार्म छह उपलब्ध करा सकते हैं। उनके द्वारा सक्षम कार्यालय से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

निर्वाचन संबंधित किसी भी सहायता ङ्क शिकायत के लिए आमजन टोल फ्री नंबर 1950 को डायल कर सकते हैं। जिले में यह सेवा सुबह 09.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक संचालित है। यह सेवा मुफ्त है, इसका कोई शुल्क नहीं लगता है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पासपोर्ट साइज फोटो,पहचान पत्र आधार कार्ड या कोई दूसरा पहचान पत्र, जहां रह रहे हैं वहां का पूर्फ जैसे बिजली का बिल या कोई दूसरा दस्तावेज, उम्र प्रमाण पत्र दसवीं कक्षा की मार्कशीट या जन्म प्रमाण पत्र जरूरी है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 25 मई 2024 को गिरिडीह एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना होता है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज को मान्य किया गया है। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्टीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड,सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है।

## धनबाद संसदीय सीट से सरयू ने फिर दी चुनाव लड़ने का संकेत



**धनबाद-**धनबाद संसदीय सीट पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा का हमला लगातार जारी है। इस पार्टी के संरक्षक जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने एक बार फिर हमला बोलते हुए कहा है कि सोमवार तक उनकी पार्टी का धनबाद से चुनाव लड़ने के बारे में अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा। लेकिन इसमें प्रत्याशी कौन होगा इस मामले में उन्होंने अब तक मामला गोपनीय रखा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक इस मामले में पार्टी सर्वसम्मत निर्णय ले लेगी।एक प्रश्न के जवाब में उनका कहना था कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह उनसे मिलने आयी थी। बेटी बहू को आशीर्वाद देना हमारी संस्कृति है लेकिन उन्होने व्यक्तिगत रूप से सिर्फ आशीर्वाद दिया है। उसके पार्टी की टिकट का कोई संबंध नहीं। विश्वास सूत्रों का मानना है कि अगर सरयू राय धनबाद से चुनाव लड़ते हैं तो इसका खामियाजा भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल को होना तय है। सरयू राय ने एक बार फिर पूर्व की तरह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ जमकर आग उगला। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी भी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही सजा हुई है .जबकि वर्ष 2022 में धनबाद एसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दी थी जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है उन्होंने बताया की लंबित मामलों में कई संगीन धाराएं भी हैं जिसमें 5 से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

## शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का किया गया भूमि पूजन

**चास-** डाक्टर सीसी महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय डिग्री कॉलेज का भुमि पूजन कार्यक्रम रविवार को एन एच 32 किनारे नगेन मोड़ सरदाहा के पास किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव कुंदन किशोर ने बताया की इस कॉलेज के कैंपस में डिग्री कालेज खुल जाने से किसान मजदूर व गरीब का बेटा बेटी भी बीएड डीएएलएड की शिक्षा आसानी से प्राप्त कर सम्मान जनक जीवन व्यक्तित्व कर सकेगा।

## समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों की मदद करने से सुकून मिलता है -मुरारका

**चास-** हेल्पिंग हैंड्स चास बोकारो इकाई द्वारा चैस चेक पोस्ट स्थित श्मशान घाट कली मंदिर के पास लाचार एवं असहाय एक अनाथ व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 65 साल की होगी द्य बीमारी एवं अस्वस्थ होने के कारण दो-चार दिनों से नंग-धड़ंग गिर पड़ा हुआ था द्य उसके शरीर से बदबू आ रही थी उसकी शरीर पर मक्खियों लग रही थी द्य स्नान कराकर एवं साफ सुथरा कर उस व्यक्ति को हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक गोपाल मुरारका एवं राम केडिया के सहयोग से एंबुलेंस द्वारा चास से पुरलिया स्थित अपना घर आश्रम भेजा गया जहां उसे अनाथ व्यक्ति की सेवा की जाएगीद्य मौके पर गोपाल मुरारका ने कहा कि असहाय एवं लाचार व्यक्तियों को पुरलिया स्थित अपना घर आश्रम में निशुल्क सेवा की जाती है एवं समय-समय पर व्यक्तियों से उनके परिजनों के बारे में पूछा जाता है परिजनों के बारे में पता लगने पर मरीज या व्यक्ति को उनके परिजनों से मिलवा दिया जाता है द्य राम केडिया ने कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों की मदद करने से सुकून मिलता है द्य प्रवक्ता संजय सोनी ने कहा कि ऐसे कार्य कर हम कई लोगों से अपना रिश्ता जोड़ लेते हैं द्य कोई पूंजी नहीं है द्य मौके पर रंजीत कुमार लखन महथा गोपाल एंबुलेंस वाले उपस्थित थे

## रक्तदाता जीवन रक्षक के समान होता है-चंदन बांठिया




बोकारो- भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर भारतीय रेड क्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जैन मिलन परिसर में आयोजित इस शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि रक्तदान समाज एवं मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। कार्यक्रम के संयोजक चंदन बांठिया ने कहा कि जरूरतमंद को अपना रक्त देकर उसका जीवन बचाना ईश्वर की आराधना के समान है।

जैन मिलन के सचिव आलोक कुमार जैन ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्री आलोक ने कहा है कि जैन धर्म के अनुयायी मानव सेवा एवं कल्याणकारी कार्य आगे भी करते रहेंगे। आलोक ने बताया कि रक्तदान शिविर में महिलाओं की भागीदारी काफी संख्या में रही और उन्होंने बढ़ चढ़कर रक्तदान शिविर में योगदान दिया। रक्तदाताओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

रेड क्रॉस सोसाइटी के डॉक्टर मोहंती ने कहा की इंसानियत के लिए रक्तदान बेहद आवश्यक है। डॉ मोहंती ने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में सब की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए समाज में जागरूकता लाना बेहद आवश्यक है। विनय बैद ने बताया की जैन समाज के कार्यकर्ता वर्ष भर थैलेसीमिया के मरीजों को रक्त उपलब्ध कराते रहते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ?विनय बैद, अंकित जैन, सिद्धार्थ चोरड़िया, अंकित चोपड़ा,अमृत लोढ़ा,डॉ आकाश जैन, विकास जैन सहित रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

### हर कार्यक्रम की अनुमति के लिए 48 घंटे पहले करना होगा ऑनलाइन आवेदन




धनबाद /जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च, हर कार्यक्रम के लिए अनुमति लेने की प्रक्रिया सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।उपायुक्त ने कहा कि राजनीतिक दलों को रैली, सभा या किसी तरह के अन्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए सुविधा पोर्टल पर 48 घंटे से पहले ऑनलाइन अनुमति लेना अनिवार्य है। आवेदन प्राप्त होने के बाद ÷पहले आओ पहले पाओ÷ के आधार पर अनुमति दी जाएगी।उन्होंने कहा कि हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। इसलिए जो भी विवरण व्यय पंजी में दर्ज करें, वह सही-सही करें। हर खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी उपलब्ध कराएंगे। परिणाम घोषित होने के बाद जांच में खर्च का ब्यौरा गलत पाए जाने पर जीते हुए उम्मीदवार की उम्मीदवारी चुनाव आयोग द्वारा रद्द भी की जा सकती है।इस अवसर पर व्यय कोषांग के वरीय प्रभारी सह स्टेट जीएसटी के उपायुक्त गालिब अंसारी एवं व्यय कोषांग के नोडल सह सहायक आयुक्त जीएसटी ध्रुव नारायण राय ने चुनाव के दौरान रैली, पदयात्रा, नुक्कड़ सभा, बैनर पोस्टर की छपाई, स्टार कैंपेनर, हेलीकॉप्टर का खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।साथ ही बताया कि नॉमिनेशन से पहले हर उम्मीदवार को एक नया बैंक अकाउंट खोलना अनिवार्य है। इसमें नामांकन से लेकर परिणाम घोषित होने की तिथि तक प्रतिदिन किए गए खर्च को दर्शाना है। इसी अकाउंट से चुनाव के लिए प्राप्त राशि एवं चुनाव के लिए खर्च की गई राशि का लेन-देन करना है। हर खर्च के लिए वाउचर रखना अनिवार्य है। 10 हजार रुपए से अधिक का भुगतान चेक द्वारा करना है।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, स्टेट जीएसटी के उपायुक्त गालिब अंसारी, सहायक आयुक्त जीएसटी ध्रुव नारायण राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, यूआईडी मैनेजर अमित कुमार सिंह, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद पटेल, आईएनसी के मिथिलेश तिवारी, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, माधव दास, झामुमो के लक्खी सोरेन, आजसू के रतीलाल महतो, आप के रविंद्रनाथ सिंह, बीएसपी के मनोज दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आईपीएल 2024 में सीएसके और सुपर जाइंट्स में होगी कड़ी टक्कर

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2024 में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इससे पहले हुए मुकाबले में सीएसके को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही पिछली हार का हिसाब बराबर करना रहेगा। सीएके इस मैच को जीतकर अंकतालिका में भी ऊपर आना चाहेगी। पिछली बार दोनों टीमों का मुकाबला लखनऊ में हुआ था जिसमें सुपर जाइंट्स जीती थी। अभी दोनो ही टीमों के सात मैचों के बाद आठ अंक हैं।

सुपर जाइंट्स के लिए इस मैच में सीएसके को हराना आसान नहीं रहेगा क्योंकि उसके पास एक से बड़कर एक खिलाड़ी हैं और पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी जबरदस्त लय में हैं। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतकर प्लेआफ के लिए अपनी दावेदार बनाने पर रहेंगी। सीएसके की कमजोरी उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का लय में नहीं होना है। अभी तक टीम की ओर से कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के प्रदर्शन में ही निरंतरता दिखी है। लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में इन दोनो के विफल रहने के बाद मध्यक्रम दबाव में टूट गया था जिससे मैच में उसके हाथ से जीत निकल गयी। उसके सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र भी अब तक अधिक रन नहीं बना पाये हैं।

सीएसके ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में अजिंक्य रहाणे को पारी की शुरुआत करने भेजा था। वहीं रूतुराज तीसरे नंबर पर आये थे। अब इस मैच में देखना होगा कि वह किस नंबर पर उतरते हैं। ऑलाराउंडर रविंद्र जडेजा और धोनी के अच्छे फार्म में होने का भी टीम को लाभ मिलेगा। सीएसके इस मैच में शीर्ष क्रम से बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही है।

गेंदबाजी की बात करें तो सीएसके के पास मथीषा पथिराना जैसा गेंदबाज है। पथिराना ने अबतक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। इसके अलावा जडेजा भी




एक अच्छे स्पिनर हैं। दूसरी ओर सुपर जाइंट्स की बल्लेबाजी की जिम्मेदार कप्तान केएल राहुल और क्वींटन डिकॉक पर रहेगी। निकोलस पूरन ने भी अब तक अच्छा खेला है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव अगर फिट हुए तो इस मैच से वापसी कर सकते हैं। वह चोटिल होने के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर हैं।

वहीं तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नये खिलाड़ी मैट हेनरी भी इस मैच में बेहतर कर टीम में जगह बनाना चाहेंगे। स्पिन गेंदबाजी की कमान रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या संभालेंगे। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अंतिम ओवरों में बेहद आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें रोकना सुपर जाइंट्स के गेंदबाजाजों के लिए बेहद कठिन होगा। दोनो ही टीमों के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। वहीं अगर सुपर जाइंट्स के मयंक वापसी करते हैं तो उनकी रफ्तार का सामना सीएसके के बल्लेबाज किस प्रकार करेंगे ये देखना होगा।

### टीम

**लखनऊ सुपर जाइंट्स-** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स-** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।


# 17 साल के भारत के गुकेश बने फीडे कैंडीडेट्स शतरंज विजेता, बनाया विश्व रिकॉर्ड



**टोरंटो,कनाडा (एजेंसी)।** फीडे कैंडिडैट शतरंज के अंतिम राउंड में भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें आखिरकार इतिहास में सबसे कम उम्र में यह खिताब जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। गुकेश अब दुनिया के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर बन गए है। गुकेश नें अंतिम राउंड में आधा अंक की बढ़त के साथ शुरुआत की और उनके सामने थे विश्व के नंबर 3 खिलाड़ी यूएसए के हिकारु नाकामुरा, काले मोहरो से खेल रहे गुकेश को कम से कम टाईब्रेक में बने रहने के लिए मैच को ड्रॉ पर रोकने की जरूरत थी, क्यूजीए ओपनिंग में गुकेश नें नाकामुरा को खेल में कभी भी बढ़त नहीं बनाने दी और शानदार एंडगेम दिखाते हुए 71 चालों तक चली बाजी को ड्रॉ करा लिया।

अब गेंद यूएसए क फबियानों करूआना के पाले में थी जो रूस के यान नेपोमनिशी के खिलाफ बेहतर स्थिति में थे और जीतकर गुकेश को टाईब्रेक में चुनौती दे सकते थे पर वह ऐसा करने में असफल रहे और उनका मैच 109 चालों तक चलने के बाद बेनतीजा रहा और इस तरह गुकेश 9 अंको के साथ कैंडिडैट विजेता बन गए जबकि 8.5 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर नाकामुरा दूसरे, नेपोमनिशी तीसरे और करूआना चौंथे स्थान अपर रहे, अंतिम राउंड जीतकर 7 अंको के साथ भारत के प्रज्ञानन्दा पांचवे, 6 अंको के साथ विदित छठे, 5 अंको के साथ अलीरेजा सातवे और 3.5 अंको के साथ अबासोव आखिरी स्थान पर रहे। अब गुकेश इस साल के अंत में या अगले वर्ष के शुरुआत में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लीरेन को विश्व खिताब के लिए चुनौती देंगे, और अगर गुकेश विश्व चैम्पियन बने तो वह 22 साल में विश्व चैम्पियन बनने के रूस के गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

# उथप्पा बोले मानसिक रुप से निराश हैं पांड्या



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या मानसिक रुप से परेशान होने के कारण आईपीएल सत्र में अबतक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। पांड्या को इस सत्र में मुम्बई इंडियंस की कप्तानी दी गयी थी पर वह गेंद और बल्ले के अलावा कप्तानी कौशल में भी सफल नहीं हुए हैं। उथप्पा के अनुसार रोहित शर्मा की जगह टीम की कप्तानी संभालने के बाद से ही पांड्या प्रशंसकों की हूटिंग का शिकार हुए हैं जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब हुआ है। उन्हें प्रशंसकों की ओर से लगातार नकारात्मकता मिल रही है। पहले 7 मैचों में मुंबई ने नए कप्तान हार्दिक के नेतृत्व में केवल तीन जीत हासिल की हैं।

हार्दिक का बचाव करते हुए उथप्पा ने कहा कि प्रशंसकों का उनके प्रति व्यवहार सही नहीं है। उथप्पा ने कहा, वह एक ऐसा व्यक्ति है जिसमें भारतीय टीम के लिए सर्वकालिक महान बनने की क्षमता है। जिस टीम ने उसे खोजा था, उसने उसे जाने दिया, वह दूसरी फ्रेंचाइजी में चला गया। उनके साथ 3-4 खिताब जीतने के बाद वह चला गया। उसे थोड़ा बुरा लगा होगा, वह गुजरात टाइटंस में गया, एक खिताब जीता और दूसरे में उपविजेता रहा।

# टी20 वर्ल्ड कप 2024: सौरव गांगुली का विराट-रोहित को लेकर बयान, कही ये बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल का 17वां सीजन जारी है। जबकि इसका आखिरी मुकाबला 26 मई को खेला जाना है। जिसके बाद टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होगा। वहीं कुछ दिन में ही टी20 वर्ल्ड कप को लेकर भारत के स्क्वॉड का ऐलान होगा। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस मैच के लिए रोहित दिल्ली में होंगे, तब चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर भी यहां होंगे और स्क्वॉड ऐलान से पहले सभी मीटिंग में शामिल होंगे। भारती के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने वर्ल्ड कप को लेकर विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बड़ी बात कही।





रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप में भारत के कप्तान होंगे, इसकी पुष्टि जय शाह पहले ही कर चुके हैं। विराट कोहली का भी स्क्वॉड में होना कन्फर्म है। आईपीएल खेल रहे विराट कोहली आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत कर रहे हैं और अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। सौरव गांगुली की मानें तो विराट और रोहित शर्मा को आगामी टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए पारी की शुरुआत करनी चाहिए। पीटीआई से बातचीत में भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि, विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारत के लिए इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में पारी की शुरुआत करना चाहिए। विराट कोहली 40 बॉल पर 100 रन भी बना सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर हैं। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। विराट कोहली ने 117 मैचों में 4039 रन बनाए हैं। उनका इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा स्कोर नाबाद 122 का है। रोहित शर्मा ने 151 मैचों में 3974 रन बनाए हैं। रोहित का इस फॉर्मेट में नाबाद 121 सर्वाधिक स्कोर है।

## पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में नावों पर परेड करेंगे प्रतिनिधि

पेरिस। आमागी पेरिस ओलंपिक के लिए सीन नदी पर भव्य उद्घाटन समारोह होगा। चार घंटे तक चलने वाले इस समारोह में सूर्यास्त और चंद्रमा की झलक लिखेगी। इस दौरान कुल 205 देशों और क्षेत्रों के प्रतिनिधि सीन नदी पर नावों पर परेड करेंगे। यह समारोह धीरे-धीरे पूर्व से पश्चिम की ओर, पुल से पुल तक, पोंट डी ऑस्टरलिट्ज़ से पोंट डी आइना तक छह किलोमीटर की दूरी तय करेगा।

# विराट पर 50 फीसदी जुर्माना लगा

कोलकाता। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को अंपायर से बहस करना भारी पड़ा है। विराट के ऊपर अचार संहिता उल्लंघन को लेकर 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इसका कारण है कि विराट ने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ हुए मैच में अंपायर के फैसले पर सवाल उठाये थे। विराट को इस मैच में तीसरे ओवर में ही हर्षित राणा की एक फुल टॉस गेंद पर आउट करार दिया गया जबकि विराट का मानना था कि कमर से अधिक ऊंची होने के कारण वह नो बॉल थी। इससे वह अंपायर पर भड़क गये। इस दौरान डीआरएस भी लिया गया। थर्ड अंपायर माइकल गॉफ ने रिप्ले देखने के बाद फैसला दिया कि वह आउट हैं। इसका कारण था कि कि विराट पहले ही क्रीज से बाहर खड़े थे तो ऐसे में गेंद उनके कमर के नीचे हिस्से पर लगती। बॉल-ट्रैकिंग में भी गेंद नीचे जाती दिख रही थी। जैसे ही तीसरे अंपायर का फैसला आया, कोहली निराश हो गए। वह पवेलियन की ओर लौटते हुए गुस्से में दिख रहे थे। इसी बीच वह मैदानी अंपायर के पास गए और फैसले पर नाराजगी जतायी। कोहली के इस व्यवहार को बीसीसीआई ने आचार संहिता उल्लंधन माना है। इसी कारण उनपर जुर्माना लगा गया।



# नरेन को आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं गंभीर



कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कोच गौतम गंभीर ने सुनील नरेन की जमकर प्रशंसा की है। गंभीर ने कहा कि नरेन को वह आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं। गंभीर के अनुसार साल 2011 में नरेन को भारत के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले में खेलने देखकर उन्हें पता चल गया था कि ये खिलाड़ी टी20 क्रिकेट में महान बनेगा। गंभीर ने कहा कि साल 2011 में नारायण को पदार्पण श्रृंखला में खेलते हुए देखने के बाद ही उन्होंने इस खिलाड़ी को आईपीएल के लिए शामिल करने का फैसला किया था. गंभीर ने कहा, 'मैंने तब नरेन की सात या आठ गेंदों का ही सामना किया था और तभी मुझे लगा कि यह का महान क्रिकेटर बनेगा। नरेन ने अपने आईपीएल करियर में 170 विकेट लिए हैं और लीग में 168 मैच में एक शतक सहित 1322 रन भी बनाए हैं. नरेन ने दिसंबर 2011 में अहमदाबाद में तीसरे एकदिवसीय में भारत के खिलाफ वनडे पदार्पण किया था जिसमें उन्होंने विराट कोहली और आर अश्विन को आउट कर 34 रन देकर दो विकेट लिए थे। गंभीर ने चौथे एकदिवसीय में पहली बार नरेन की गेंदों का सामना किया था। नरेन हालांकि छह ओवर में 46 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाये थे। वहीं साल 2012 में नरेन केकेआर के रहस्यमयी गेंदबाज के तौर पर सामने आए और 24 विकेट लेकर मोर्नी मोर्कल के 25 विकेट के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने थे। इससे केकेआर की टीम 2012 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने में सफल रही। केकेआर ने दूसरी बार जब 2014 में खिताब जीता तब भी नरेन ने 21 विकेट लिए थे। इसके साथ ही वह बल्लेबाजी से भी टीम का सहयोग करते रहे हैं।

# चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 में पाक को हराया

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** मार्क चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां खेले गये तीसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले खेलते हुए पाकिस्तान ने सैम आयुब के 32, कप्तान बाबर आजम के 37, रिजवान के 22, इरफान खान के 30 और शादाब खान के 41 रनों से कुल 178 रन बनाए थे। इसके बाद कीवी टीम ने ये लक्ष्य तीन विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। उसे टिम रोबिन्सन और टिम सेफर्ट ने अच्छी शुरूआत दी। इसके बाद मार्क चैपमैन ने 42 गेंदों पर ही 87 रन बनाकर 19वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में दोनों ही टीमें 1-1 से बराबरी पर आ गई है। सीरीज का पहला मैच



बारिश के कारण नहीं हो पाया थ जबकि दूसरा पाक ने जीता था।

जीत के बाद न्यूजीलैंड के चैपमैन ने खुशी जताते हुए कहा कि सीरीज बराबर आने से उन्हें खुशी हुई है। पाकिस्तान के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है इससे लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। हमारे लिए 100 से अधिक रनों की साझेदारी करना लाभप्रद रहा। हम जानते हैं कि पाकिस्तान की डेथ ओवरों में गेंदबाज शानदार है इसके बाद भी हमारे बल्लेबाज सफल हुए।

दूसरे ओर हार से निराश पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि बदकिस्मती से हम 10 रन कम रह गए। मुझे लगता है कि शादाब ने अच्छी रिकवरी की और अच्छी साझेदारी बनाई। मुझे लगता है कि 180-190 स्कोर होना चाहिये था। हमने हालातों के अनुसार खेलने का प्रयास किया था। शादाब ने योजना के अनुसार अपना स्वाभाविक खेल खेला। साथ ही कहा कि हमारा क्षेत्ररक्षण खराब रहा जिससे भी हमारे हाथ से मुकाबला निकल गया।


## भारत के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला पर पीसीबी प्रमुख ने कहा, अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी




कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है। लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना 'शानदार' होगा। नकवी ने कहा, ''देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है।'' उन्होंने कहा, ''फिलहाल चैंपियन्स ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है। एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा, हम उस पर विचार कर सकते हैं।'' दोनों टीमों ने पिछली बार 2012-13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था लेकिन भारत ने 2007 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया है जब दोनों टीम भारतीय सरजमीं पर आपस में भिड़ी थीं। पिछले साल भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैचों के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था और अंतत: एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को इस प्रतियोगिता के लिए एक हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था जिसके तहत अधिकांश मैचों का आयोजन श्रीलंका में होना था। नकवी ने फरवरी में दुबई में आईसीसी बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात की थी।

# बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे रफेल नडाल

महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में 12 बार खिताब जता। नडाल ने बयान में कहा, ''अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।'' स्पेन का यह 37 वर्षीय सुपरस्टार लंबे समय से चोटों से जूझ रहा है और उन्होंने इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यरोप टीम के बीच खेली जाती है। रोजर फेडरर के संन्यास से पहले नडाल और स्विट्जरलैंड के इस महान खिलाड़ी ने अपने आखिरी मैच के लिए लंदन में 2022 में लीवर लेवर कप में युगल जोड़ी बनाई थी। नडाल ने कहा, ''मैं टीम यूरोप के लिए बर्लिन में लीवर कप खेलने को लेकर बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पास लीवर कप के अनुभवों की कुछ विशेष यादें हैं जिनमें दो साल पहले आखिरी बार रोजर के साथ लंदन में खेलना भी शामिल है।




# एमएलएस लीग में मियामी ने नाशविले को हराया, मेसी ने किये दो गोल

न्यूजर्सी। स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के दो गोलों और सर्गियो बुस्कुवेट्स के एक गोल की सहायता से इंटर मियामी ने अमेरिका में जारी मेजर लीग फुटबाल (एमएलएस) में नाशविले एससी को 3-1 से हरा दिया। इससे पहले मेसी ने ओरलेंडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल किये थे। अब मेसी के इस लीग में कुल मिलाकर सात गोल हो गये हैं। इस मैच में मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में ही गलती से एक गेंद अपने ही गोल पोस्ट में मार दी। इस आत्मघाती गोल से नाशविले की टीम को शुरुआत में ही बढ़त मिल गयी पर मेसी ने लुईस सुआरेज के पास पर एक गोली कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने एक गोल दागते हुए अपनी टीम को 2-1 से बढ़त दिला दी। मेसी ने इसके बाद 81वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया।

# अभिषेक ने अपनी आंक्रामक बल्लेबाजी का राज बताया

**मुम्बई (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस सत्र में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अभिषेक ने पारी की शुरुआत करते हुए कई आक्रामक पारियां खेली हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 12 गेंद में ही 46 रन बना दिये थे।अब अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के पीछे छिपा राज बताया है। अभिषेक ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रखकर तैयारी करने से उन्हें लाभ हुआ है। अभिषेक ने ट्रेविस हेड के साथ केवल 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी की थी। उन्होंने पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी इसी सत्र में अपने नाम किया है। उन्होंने इस सत्र में कुलदीप यादव को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने चार छक्के कुलदीप की गेंद पर लगाये हैं। इसी को लेकर अभिषेक ने कहा कि कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने का उन्हें लाभ हुआ। अभिषेक ने कहा, '' मैं स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के अनुसार तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास भी करता हूं। इससे भी मुझे लाभ मिलता है।''

अपनी पारी में छह छक्के लगाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय कड़ी मेहनत से आई है। उन्होंने कहा, ''आईपीएल से पहले मैंने कड़ी मेहनत की थी। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी (घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में भी मैंने काफी मेहनत की थी इससे मुझे काफी लाभ हो रहा है।'' अभिषेक ने कहा कि वह काफी समय से हेड के प्रशंसक रहे है और उनके साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव शानदार रहता है। साथ ही कहा कि वह ऐसे खिलाड़ी है जिसका मैं अनुसरण करना चाहता हूं। मैं तीनों प्रारूप में हेड की बल्लेबाजी का प्रशंस हूं। उनके हमारी टीम में होने से भी मुझे लाभ मिला है। साथ ही कहा कि जब भी मुझे गेंदबाजी का मौका मिलेगा मुझे उसके लिए तैयार रहना चाहिये।''



# आईपीएल 2024 : केकेआर दूसरे और गुजरात छठे स्थान पर पहुंची

मुम्बई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल सत्र में जीत के साथ ही अंक तालिका में अब दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के साथ ही गुजरात टाइटंस भी 8वें से छठे स्थान पर पहुंच गयी है। नंबर एक स्थान पर अभी भी 12 अंकों के साथ ही राजस्थान रॉयल्स बकररार है। केकेआर 7 मैचों में 5 जीत के बाद 10 अंकों लेकर दूसरे स्थान पर आ गयी है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इसके अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपर जाइंट्स 8-8 अंकों के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर फिसल गयी है। गुजरात टाइटंस छह अंकों के साथ ही छठे नंबर पर जबकि मुंबई 6 अंकों के साथ 7वें तथा दिल्ली इतने ही अंकों के साथ 8वें स्थान पर आ गई है। पंजाब किंग्स 4 अंकों के साथ 9वें स्थान पर और आरसीबी 2 अंक लेकर अंतिम स्थान पर खिसक गयी है।




## सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**पश्चिमी सिंहभूम** – सिंहभूम लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार गीता कोड़ा ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। गीता कोड़ा ने अपराह्न 01:40 बजे जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष परचा दाखिल किया। इससे पहले गांधी मैदान से खूंटकटी तक रैली निकाली गई। नामांकन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहे।

## सरकारी काम में बाधा डालने को लेकर पूर्व विधायक, जिला परिषद सदस्य सहित 100 अज्ञात महिला - पुरुषों पर मामला दर्ज

**हजारीबाग** – रामनवमी के मौके पर जिला प्रशासन के रोक लगाने जाने के बावजूद में बेरिकेडिंग को तोड़कर महुदी गांव में प्रवेश करने वाले एक सौ अज्ञात लोगों के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा को लेकर विभिन्न धाराओं में बड़कागांव थाना मामला दर्ज किया गया है। बड़कागांव अंचल अधिकारी बालेश्वर राम ने यह मामला दर्ज कराया है। जिसमें बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर महतो, गुरुचट्टी निवासी दामोदर महतो, विश्रामपुर निवासी खेमलाल महतो, हजारीबाग निवासी शिवलाल महतो, गर्रीकला निवासी अजय कुमार सिंह, हिंदू नेता अमन कुमार, विशाल वाल्मीकि, सीताराम राणा, रविकांत कुमार, राजकुमार राणा, छत्रधारी राणा, रवि कुमार ठाकुर, आनंद महतो, चांद महतो, सुधीर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी ग्राम महुदी, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव राणा सभी सोनपुरा सहित 100 महिला - पुरुषों को आरोपी बनाया गया है।

## शोभा यात्रा का किया गया भव्य स्वागत




**हजारीबाग** – अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा शोभा यात्रा का किया स्वागत किया गया। आपको बताते चले की रविवार को महावीर जयंती की जन्म जयंती के शुभ अवसर शोभा यात्रा में सभी जैन समुदाय के लोगों का जोरदार स्वागत किया गया। प्रत्येक वर्ष इस तरीके का कार्य किया जाता है।कार्यक्रम में अध्यक्ष स्वेता चौधरी, सचिव अनोखी जैन, उपसचिव मंजू छाबड़ा, कोषाध्यक्ष पूजा मुनका, उप कोषाध्यक्ष संगीता छाबड़ा, उषा जैन, पूजा छाबड़ा इसके अलावा झारखंड की अंचल प्रमुख स्वेता जैन सेठी शामिल हुई।

## अरविंद कुमार बोकारो के नए नव नियुक्त फैमिली जज के रूप में पदभार ग्रहण किया



**बोकारो।** सोमवार को अरविंद कुमार नंबर 1 बोकारो के नए नव नियुक्त फैमिली जज के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। आज से वे नियमित रूप से अपना कोर्ट का संचालन करेंगे। अरविंद कुमार 2002 बैच के न्यायिक पदाधिकारी है। प्रधान जिला जज में इनकी पदोन्नति 28 मार्च 2022 को हुई थी। श्री कुमार बिहार के सासाराम के रहने वाले है । इनके पिता अशोक बिहारी सिंह भी पेशे से वकील है। इनका जन्म 06जून1971 को हुआ था। इसके पूर्व श्री कुमार झारखंड के गढ़वा, धनबाद, हजारीबाग, रांची, लोहरदगा, साहेबगंज, राजमहल, चतरा, गिरिडीह, देवघर में न्यायिक पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवा दे चुके है। आज बोकारो कोर्ट में अरविंद कुमार का इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के ओर से एसोसिएशन के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। बोकारो में फैमिली जज के रूप में पदभार ग्रहण करने पर अधिवक्ता वंशिका सहाय, संजीत सिंह, दीपिका सिंह, हसनैन आलम, फटिक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, निखिल डे, इंद्रनील चटर्जी, कमल कुमार सिन्हा, सुनील चांडक ने शुभकामना और बधाई दी है।

## लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत पुरुष मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम इंटर साइंस कॉलेज जबरा में

**हज़ारीबाग़** – लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग द्वारा पुरुष मतदान पदाधिकारी यथा पीओ,पी1, क्क2,क्क3 का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 23 अप्रैल 2024 से 26 अप्रैल 2024 तक निम्न प्रकार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद ,हत्या की आशंका

**बोकारो ।** सोमवार को बोकारो पुलिस ने क्षत-विक्षित स्थिति में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। बताया जा रहा है कि यह शव सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सेक्टर 5 स्थित पेट्रोल पंप के पीछे से बरामद की गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत जानकारी देते हुए सेक्टर 4 थाना के थाना प्रभारी आर एन राणा ने बताया कि शव देखने से प्रतीत होता है कि इसकी हत्या कुछ दिन पूर्व की गई होगी एवम शव को यहां छुपा दिया गया होगा।

# नदियों का अतिक्रमण एवं प्रदूषित करना प्रकृति के साथ खेलवाड़ : मुकुल




**बोकारो।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर बोकारो के पर्यावरण-मित्र वाटिका में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा आयोजित ÷पृथ्वी बचाओ संकल्प सभा÷ में संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा %मुकुल% ने संबोधित करते हुए कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई, पहाड़ों की होरही लगातार तुड़ाई और नदियों का अतिक्रमण एवं प्रदूषित करना प्रकृति के साथ बलात्कार से कम नहीं है जिसकारण पर्यावरण न सिर्फ असंतुलित होरहा है बल्कि पृथ्वी पर भी बढ़ते अनेक संकटों का यह कारण हो गया है । पर्यावरणीय संकट पृथ्वी पर असमय बदलते मौसम और ग्लोबल वार्मिंग का कारण बन रहा है । अगर हमें पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा जिसके लिए प्रकृति की सुरक्षा अत्यंत जरूरी है तभी हमारा जीवन भी सुरक्षित रहेगा । स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के पर्यावरण संरक्षकों ने आज पृथ्वी दिवस के अवसर पर बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक के पास स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में प्रकृति को बचाकर पृथ्वी को सुरक्षित रखने हेतु संकल्प लिया तथा उपस्थित सबोंको भी संकल्प दिलाया । यह संकल्प सभा संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस कार्यक्रम में शशि भूषण ओझा %मुकुल%, रघुवर प्रसाद, मृणाल चौबे, लक्ष्मण शर्मा, बबलू पांडेय, वीरेंद्र चौबे, ललित कुमार, मनीष झा, मिथिलेश शर्मा, अभय कुमार गोलू, विनोद साह, मुहम्मद अनवर, सफीरुल हक सहित कई पर्यावरण रक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## कृषि उत्पादन बाज़ार समिति, हजारीबाग लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतगणना स्थल/स्ट्रांग रूम के रूम में चिन्हित

**हज़ारीबाग़** – लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त 14 हजारीबाग के संसदीय क्षेत्र ( 21 बरही,22 बड़कागांव, 23 रामगढ़, 24 मांडू एवं 25 हजारीबाग विधान सभा क्षेत्र ) के लिए कृषि उत्पादन बाज़ार समिति,हजारीबाग को मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम के रुप में चिन्हित किया गया है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

## झारखंड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**हजारीबाग** – झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने सोमवार को नगर क्षेत्र के वार्डों का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने मटवारी, कोर्रा आदि मोहल्ले में जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय पार्टियों के छलावे में आकर हजारीबाग की जनता ठगी का शिकार हो रहे हैं। हमारे युवा डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं मगर रोजगार का कहीं पता नहीं जिसके कारण बेरोजगारी की समस्या चरम सीमा पर है। जिस कारण लोग पलायन करने को मजबूर हैं। विकास की योजनाएं धरातल पर दिखाई नहीं देती जिसके कारण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विकास कोसों दूर है। इस चुनाव में हमारी प्राथमिकता युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देना है ताकि पलायन की समस्या का जड़ से निदान होगा। स्थानीय तौर पर ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर उपस्थित जन समूह ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इस बार स्थानीय उम्मीदवार को ही जीत दिलाएंगे और झारखंड पार्टी के स्थानीय मुद्दों पर और जल जंगल जमीन जैसे मुद्दों पर मोहर लगाने का काम करेंगे। इस मौके पर झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा, जिला सचिव नजराना परवीन मुखिया नारायण प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया नक्सल प्रभावित मनियाडीह थाना क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण




**धनबाद** /आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए धनबाद पुलिस निरंतर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी है द्य इसी अभियान के तहत वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन ने नक्सल प्रभावित मनियाडीह क्षेत्र का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

भौतिक निरीक्षण के दौरान एसएसपी डंडाटांड और मनियाडीह पहुंचे जहाँ उन्होने हेलीपेड स्थल का निरीक्षण किया द्य चुनाव के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों के आवासन के मद्देनज़र इस दौरान उन्होंने डंडाटांड और मनियाडीह स्थित विद्यालय भवनों का भी जायजा लिया और सुरक्षा बलों के ठहराव को लेकर सारी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली दल बल के साथ एसएसपी ने मनियाडीह थाना अंतर्गत पड़ने वाले कई मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया द्य इस दौरान उन्होंने मनियाडीह, प्राथमिक विद्यालय सर्रा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डंडाटांड़, प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर, मध्य विद्यालय जाताखूंटी, प्राथमिक उर्दू विद्यालय भूस्की, मध्य विद्यालय चरककला, प्राथमिक विद्यालय चरकखुर्द का एरिया डोमेनेशन करते हुए नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी की निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाक़ात की और चुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बात कही द्य निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 2) संदीप गुप्ता, अंचल निरीक्षक (टुंडी ) मोहम्मद साजिद हुसैन समेत मनियाडीह थाना की टीम व सीआरपीएफ सशस्त्र बल के जवान भी उपस्थित थे

## एंड पिक्चर्स मना रहा है वरुण धवन का जन्मदिन!

वरुण धवन, एक ऐसा नाम है जो जबर्दस्त टैलेंट और बेमिसाल अंदाज़ के लिए जाना जाता है। अपने इसी हुनर के साथ उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में लाखों लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। ऐसे मल्टी-टैलेंटेड कलाकार को बहुत-बहुत बधाई, जो एक सच्चे सितारे हैं, जो लगातार चमक रहे हैं, और दुनिया भर के फैंस के बीच जुनून और तारीफ जगा रहे हैं। ऐसे में आप भी एक ब्लॉकबस्टर बर्थडे पार्टी के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि एंड पिक्चर्स वरुण धवन के इस खास दिन का जश्न मनाने को तैयार है। 24 अप्रैल को वरुण धवन पर स्पॉटलाइट होगी जहां दुनिया भर के फैंस उनके जन्मदिन को जोरदार ढंग से मनाने के लिए एक साथ आएंगे।

# आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए: अर्जुन मुंडा



**खूंटी** – खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आने वाली सदी भारत की होनी चाहिए। इसके लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है और यह तभी संभव है जब आप लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देंगे। अर्जुन मुंडा सोमवार को कर्रा प्रखंड के लापा और उड़ीकेल गांव में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। मुंडा ने कहा कि 60 वर्षों तक देश में शासन करने वालों ने गांवों के विकास को अवरुद्ध करके रखा। उन्होंने कहा कि विकास के लिए हमें परंपरा और परिवर्तन को साथ लेकर चलना होगा। विकसित भारत के लिए हमें विकास मं गतिशीलता लानी होगी। एक ओर हम ऑर्गेनिक फूड की बात करते हैं और गोबर से दूर होते जा रह हैं। विकास के लिए समयबद्ध काम होना चाहिए। घड़ी के बंद होने से समय नहीं रुकता।

उड़ीकेल गांव में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान गांव के ही नेत्रहीन मांदर वादक सूरदास मुंडा की प्रतिभा से अर्जुन मुंडा काफी प्रभावित नजर आये। उन्होंने सूरदास से हाथ मिलाया और कुछ दूर उसका हाथ पकड़कर साथ लेते गये। इस मौके पर शिवशंकर मिश्रा, दिलीप शर्मा, तोरपा विधानसभा प्रभारी अरुण चंद्र गुप्ता, विष्णु सोनी, राजेन मुंडा, जिला परिषद सदस्य जोरोंग आईद, मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, सुधीर सिंह, मोहनलाल पाठक, अश्विनी शर्मा, बिट्टू शर्मा, मनोज मिश्रा, जगरनाथ साहू, कृष्णा हेमरोम, महादेव गोप, रावण गोप, महावीर गोप, सीमा देवी, प्रीति देवी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।



JHARKHAND MILK PRODUCTS PVT. LTD.
Vill - Tirla, Palu, Ormanjhi, Ranchi, Jharkhand - 835219

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादक:** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदार: 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63